हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 234, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 25 फरवरी, 2024 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पेपर लीक होने के बाद यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

### सीएम योगी ने अगले 6 माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के दिए निर्देश



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक दिनांक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है, दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयन के लिए आयोजित परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी छह माह के भीतर ही पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। इससे पहले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा के दौरान कृष्णानगर स्थित एक स्कूल में परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार के पास मिली सवालों के जवाब की पर्ची से पेपर लीक होने की आशंका जताई जा गई थी। एफआईआर दर्ज कराने वाले इंस्पेक्टर ने भी तहरीर में सुनियोजित तरीके से पेपर लीक होने की बात लिखी थी। वहीं, परीक्षार्थी को सवालों के जवाब व्हाट्सएप पर भेजने वाले आरोपी नीरज को अब तक पुलिस नहीं पकड़ सकी है। आरोपी नीरज को प्रश्नों की जानकारी कहां से मिली, यह अहम सवाल अभी तक अनसुलझा है। शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा ने आगरा कलक्ट्रेट में जोरदार प्रर्दशन किया था। परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था। परीक्षा को रद्द करने के बाद प्रयागराज, लखनऊ और आगरा जैसे शहरों में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने बड़ी संख्या में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे।

### एक अप्रैल से हाईवे पर बढ़ सकता है टोल टैक्स, एनएचएआई ने शुरू किया आकलन

बरेली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने महंगाई की गणना करके टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी कर ली है। एक अप्रैल से टोल टैक्स की दरों में पांच से दस फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। इसके लिए आकलन शुरू हो गया है। दिल्ली, लखनऊ, टनकनुर व नैनीताल मार्ग पर 50 हजार से अधिक वाहनों को आने वाले दिनों में ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा। बरेली से दिल्ली, लखनऊ और टनकपुर की ओर एनएचएआई के टोल प्लाजा हैं। यहां से 24 घंटे में 40 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। एनएचएआई के परियोजना निदेशक बीपी पाठक ने बताया कि टोल बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष मार्च में आकलन होता है। महंगाई इसका आधार है। जितने प्रतिशत महंगाई बढ़ती है, उतने ही प्रतिशत टैक्स बढ़ता है। अमूमन पांच से दस फीसदी तक बढ़ोतरी होती है। बरेली-नैनीताल मार्ग पर उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथारिटी के पुल का संचालन देख रही कंपनी के प्रबंधक विवेक गुप्ता ने बताया कि यहां से 24 घंटे में करीब दस हजार वाहन गुजरते हैं। अथारिटी महंगाई के हिसाब से टोल टैक्स तय कर रही है। 31 मार्च से पहले दरें तय हो जाएंगी। बरेली जिला उद्योग बंधु की विकास भवन में हुई बैठक में शुक्रवार को टोल प्लाजा पर लग रहे जाम के मुद्दे पर हंगामा हुआ।


## पीएम ने पैक्स के 11 गोदामों का किया शुभारंभ, 500 की नींव रखी, बोले- सहकार से समृद्धि के रास्ते पर बढ़ रहे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैक्स के 11 गोदामों का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पीएम ने 500 पैक्स में भंडारण के लिए गोदामों के निर्माण की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने अपने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्टोरेज स्कीम शुरू की है। इसके तहत देश के कोने-कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज 18000 पैक्स भी कम्प्यूटरीकृत हैं। ये सभी संसाधन देश में कृषि के बुनियादी ढांचे को विस्तार देंगे और कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत मंडपम विकसित भारत की अमृत यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा, सहकार से समृद्धि- देश के इस संकल्प को सिद्ध करने में हम और आगे बढ़ रहे हैं। कृषि और खेती की नींव को मजबूत करने में सहयोग की शक्ति बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। इसी सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं लेकिन गांव तक सिर्फ 15 पैसा ही पहुंचता है, 85 पैसा गायब हो जाता है। जबकि पिछले 10 वर्ष में भाजपा सरकार ने 34 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधा भेजा है। अगर कांग्रेस सरकार होती तो 34 लाख करोड़ में से 29 लाख करोड़ रुपये रास्ते में ही बिचौलिया चबा जाता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज गरीबों का पैसा लूटने वालों पर सख्त कार्रवाई हो रही है। गरीबों का जो पैसा लूटने से बचा है, वही पैसा गरीब कल्याण में काम आ रहा है। मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, गरीबों का पक्का घर, हर घर जल, शौचालय, सस्ती दवाएं, घर घर गैस कनेक्शन... ये सारे काम हो रहे हैं। मोदी हर घर को 'सूर्य घर' बनाना चाहता है। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वही बिजली बेचकर कमाई का एक और साधन देना चाहता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है।" पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने सरकारें बार-बार बनाईं लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई। क्योंकि उनके मन में सरकार बनाना ही था, देश को आगे बढ़ाना उनका एजेंडा ही नहीं था। आज भी कांग्रेस की दशा और दिशा यही है। कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच ही नहीं पाती।

## टीडीपी-जनसेना पार्टी के बीच सीट बंटवारे को लेकर बनी सहमति, उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

विजयवाड़ा। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तमाम राजनीति दलों के कमर कस ली है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बीच सीट बंटवारे को लेकर लगातार मंथन जारी है। वहीं भाजपा भी चुनावी जीत के फॉमूर्ले पर चर्चा कर रही है। भाजपा 'मिशन ज्ञान' (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) के जरिए चार वर्गों को साधने की तैयारी कर रही है। जिसके लिए भाजपा अपने शीर्ष नेताओं की ताबड़तोड़ रैलियों का खांका बना रही है। इस बीच, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी पार्टी-जनसेना पार्टी ने आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी की है। गौरतलब है कि अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण की पार्टी जनसेना 24 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी बिगुल फूंकने के लिए तैयार है। तमाम स्थानीय नेताओं की मानें तो अगर भाजपा गठबंधन का हिस्सा बनती है तो शेष बचे निर्वाचन क्षेत्रों को साझा करने की संभावना है। टीडीपी-जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने आंध्र प्रदेश की राजनीति में पहली बार 118 नामों के साथ उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। इन 118 उम्मीदवारों में से टीडीपी 94 दावेदारों के साथ



आगे है, जबकि जन सेना 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। विशेष रूप से, टीडीपी की सूची में 94 में से 23 नए लोगों को चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहली सूची के मुताबिक, टीडीपी उम्मीदवार 94 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे, जबकि जनसेना 24 सीटों से चुनाव लड़ेगी। चंद्र बाबू नायडू ने कहा कि यह संघ राज्य के भविष्य के लिए है। यह एक महान प्रयास के लिए पहला कदम है। 175 विधानसभा क्षेत्रों में से शेष 57 के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था की घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। गठबंधन के हिस्से के रूप में, जनसेना राज्य की कुल 25 में से तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। टीडीपी सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में संभावित चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ चर्चा चल रही है। दूसरी ओर, लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट बंटवारे पर मंथन के बीच शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला, भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने बचाया


नई दिल्ली। व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बनाते आए हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है। एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों के बीच मदद देता आया है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के



बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है।

## क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस : एस. जयशंकर

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित हो रहे रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड की क्या अहमियत है। उन्होंने कहा कि क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दशार्ता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।' विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दशार्ता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को



दशार्ने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है। इनमें मेरीटाइम सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, साइबर सिक्योरिटी और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई प्रमुख हैं। विदेश मंत्री ने रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में क्वाड थिंक टैंक फोरम सत्र के दौरान अपने संबोधन में ये बातें कही। यह सत्र प्रमुख तौर पर क्वाड पर केंद्रित था। जयशंकर ने बताया कि साल 2004 में सुनामी के हालात से निपटने के लिए पहली बार क्वाड बनाया गया था और जापान के तत्कालीन पीएम शिंजो अबे ने इसका विचार दिया था। इसके बाद साल 2017 में औपचारिक रूप से क्वाड गठित हुआ और इसकी विदेश मंत्री स्तर की पहली बैठक हुई। सत्र में मौजूद रहे अमेरिका के उप-विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा कि क्वाड में इसके चारों सदस्य देशों के संसाधनों और क्षमताओं को विकसित करने की योग्यता है, जिससे बेहतर नतीजे निकलेंगे और सभी को फायदा होगा। क्वाड एक चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद समूह है, जिसके सदस्य देशों में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन की हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए साल 2017 में क्वाड का गठन किया गया था।

## कासगंज में तालाब में गिरी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली, 7 बच्चों समेत 24 की मौत


कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। तालाब में जाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें ज्यादातर श्रद्धालु दब गए। इस हादसे में 24 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। मृतकों में आठ महिलाएं और साथ बच्चे शामिल हैं। कई गंभीर घायल श्रद्धालुओं का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है और कुछ को रेफर किया गया है। घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा तफरी का महौल बना हुआ है। डीएम, एसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। परिवारों में चीत्कार मचा हुआ है। मृतकों में एक एक परिवार के कई कई लोग शामिल हैं। प्रशासन के द्वारा अब तक 24 लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि सात बच्चे



और आठ महिला पटियाली के सीएचसी पर मृतक घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही पांच और को मृत घोषित कर दिया गया। एंबुलेंस से जो अन्य घायल जिला अस्पताल लाए गए हैं उनका परीक्षण चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। स्थिति अधिक गंभीर है।


## काशी को केंद्र में रखते हुए बनेगा रीजनल डेवलपमेंट प्लान, सीएम योगी ने महायोजना 2031 पर की बैठक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष शनिवार को उनके सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कई प्रमुख दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महायोजना लागू करने में अब देर न हो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र लागू करें। बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में



नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इसके अतिरिक्त, स्टेट कैपिटल रीजन डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन हो रहा है। इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास की गति मिलेगी। लैंड यूज के बारे में जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। हर खसरे के बारे में अपडेट जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की आवश्यकताओं का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को देखें। हर जनपद में कुछ न कुछ खास है, उसे प्रोत्साहित करें। महायोजना में इसका ध्यान रखा जाए। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। आईटीआई की स्थापना के लिए इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थान दें। इससे युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान पाने में अधिक सहजता होगी। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ायें। आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक और आध्यत्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही अवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास होने चाहिए। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

## सीबीआई के छापे के बाद पूर्व राज्यपाल बोले- मेरे पास कर्ज ही कर्ज, सरकार चाहे तो उसे ले ले



बागपत। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने अपने आवास व अन्य जगहों पर सीबीआई का छापा पड़ने के अगले दिन शुक्रवार को एक्स पर ट्वीट करके कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कल मेरे आवास पर छापा मारा। जिसमें सीबीआई के प्रवक्ता ने मेरे आवास से भारी मात्रा में नकदी व विभिन्न शहरों में मेरी संपत्ति होने की बातें कहीं हैं जो बिल्कुल झूठ हैं। मुझे बदनाम करने के लिए मेरे ऊपर झूठा लांछन लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे पास गांव में जो मेरी पैतृक संपत्ति थी, वह बहुत पहले बिक चुकी है। हां मैंने एक फ्लैट जयपुर में बैंक से ऋण लेकर लिया है, जिसकी किस्तें मेरी पेंशन से कट रहीं हैं। इसके सिवा मेरे पास कर्ज ही कर्ज है, सरकार अगर वो लेना चाहे तो उसे ले ले। मैंने भ्रष्टाचार में संलिप्त जिन व्यक्तियों की शिकायत की थी, उनके ऊपर कार्रवाई न करके सीबीआई तानाशाह के इशारे पर मुझे बदनाम करने व डराने की कोशिश कर रही है। मेरे पास से सीबीआई को न कुछ बरामद हुआ है, न होगा। क्योंकि मैं किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की तरह ईमानदार हूं।

## संपादकीय

# हिंसक बालमन

यह विडंबना ही है कि जिस उम्र में छात्रों को एकाग्र होकर पढ़ाई-लिखाई में बेहतर करके अपना भविष्य संवारना चाहिए था, उस उम्र में वे हिंसक गतिविधियों में लिप्त हैं। किशोरों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति हमारे समाज के लिये एक चेतावनी ही है। आए दिन स्कूली छात्रों के खूनी टकराव और छात्रों की जान जाने की खबरें आ रही हैं। जो शिक्षकों और अभिभावकों के लिये गंभीर चिंता की बात है। विचारणीय प्रश्न यह है कि खेलने-खाने की उम्र में छात्रों के व्यवहार में यह आक्रामकता क्यों आ रही है। दरअसल, इसी संकट की आहट को महसूस करते हुए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को आदेश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्ते की औचक जांच के लिए एक समिति बनायी जाए। जिसका मकसद है कि किसी लड़ाई-झगड़े में छात्रों को नुकसान पहुंचने वाली घातक वस्तुओं की निगरानी करना। ताकि किसी टकराव और संघर्ष की स्थिति में कम से कम किसी छात्र की जिंदगी पर संकट न आए। उद्देश्य यही है कि छात्रों के लिए स्कूल परिसरों में सुरक्षित माहौल बनाया जा सके। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या छात्रों के बस्ते की निगरानी मात्र से इस समस्या का समाधान संभव है? क्या इस फौरी उपचार से आक्रामक होती मानसिकता पर अंकुश लग पाएगा? क्या शिक्षक भी इस बात पर मंथन कर रहे हैं कि हमारे बच्चे गुस्से में क्यों हैं? आखिर वे किन मनःस्थितियों से गुजरकर घातक कदम उठा रहे हैं। निस्संदेह, हमारे वातावरण, टीवी, फिल्मों और अन्य सूचना माध्यमों में ऐसा बहुत कुछ मौजूद है जो उनके व्यवहार में अप्रत्याशित बदलाव ला रहा है। बेलगाम इंटरनेट के घातक प्रभावों से भी इनकार नहीं किया जा सकता। हाल के दशकों में इंटरनेट में ऐसे तमाम हिंसक वीडियो गेम उपलब्ध हैं जो किशोरों के बालमन पर प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। बच्चे खेल-खेल में कई ऐसे हिंसक वीडियो गेम में रम जाते हैं जहां मारने-काटने के खेल आम बात है। किशोरों की ऐसे ऑनलाइन खेलों की लत लगना अब आम बात हो गई है। कहते हैं बच्चों का मस्तिष्क एक कोरी स्लेट की तरह होता है। उसे जिस तरह का ज्ञान बाह्य स्त्रोतों से मिलता है उसकी मनोवृत्ति उसी के अनुरूप ढल जाती है। दरअसल, आज भागदौड़ की जिंदगी में अभिभावकों के पास भी इतना समय नहीं है कि वे बच्चों की चौबीस घंटे निगरानी कर सकें। उनकी धारणा है कि कम से कम बच्चा मोबाइल के साथ उनके करीब तो है। मोबाइल आज एक ऐसा बेलगाम साधन बन गया है जिसमें कौन क्या परोस रहा है और उसका बच्चों पर क्या असर होगा, कोई नहीं कह सकता। वहीं स्कूलों के स्तर पर शिक्षकों की भूमिका पहले जैसी नहीं रही, जो छात्रों के रुझान व सोच को संवारने में गहरी रुचि रखते थे। हमारे राजनीतिक परिदृश्य में भी जो आक्रामकता बढ़ रही है वह भी नई पीढ़ी को संवेदनहीन बना रही है। आए दिन आरोप-प्रत्यारोप और पराभव की राजनीति बालमन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्हें लगता है कि सामाजिक व राजनीतिक जीवन के नायक कहे जाने वाले लोगों के व्यवहार में ऐसी तल्खी है, तो यह सामान्य जीवन का ही हिस्सा है। विडंबना यह भी है कि नई पीढ़ी के बच्चे मैदानी खेलों और श्रम प्रधान व्यवहार से परहेज करने लगे हैं। जिससे उनके व्यवहार में सहजता-सरलता का भाव लगातार घट रहा है। वहीं समाज में नैतिक मूल्यों का पराभव भी इस संकट का एक पहलू है। जिसके चलते संवेदनहीनता पांव पसार रही है। आधुनिक जीवन शैली के दंश भी इसमें भूमिका निभाते हैं। वहीं खान-पान का सात्विक पक्ष भी धीरे-धीरे नदारद होता जा रहा है। दूषित खानपान व पर्यावरण के प्रदूषण के मानवीय व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव का अंतिम निष्कर्ष आना अभी बाकी है लेकिन कहीं न कहीं ये घटक हमारे व्यवहार पर असर तो डालते ही हैं। बहरहाल, नई पीढ़ी के बच्चों के व्यवहार में आ रही आक्रामकता हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जिसको लेकर शिक्षा मंत्रालय, शिक्षकों व अभिभावकों को साझी जवाबदेही निभाने की जरूरत है क्योंकि ये बच्चे हमारे कल के नागरिक हैं और देश का भविष्य भी।

## हो गई है घोषणा!



ना ना करते करते ।
आ ही गए साथ ।।
हो गई है घोषणा ।
पकड़ लिए अब हाथ ।।
है करनी तैयारी ।
बन गई है बात ।।
बन रही रणनीति ।
नहीं है करना घात ।।
और भी अभी आगे ।
हो सकता खुलासा ।।
मिलनी तय खबर ।
प्राप्त हुई दिलासा ।।
लाई कोशिश रंग ।
दिल से इसे निभाना ।।
है लोगों का काम ।
मारने दो ताना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# इंडिया गठबंधन यदि एकता बनाये रखे तो भाजपा को हराना कोई बड़ी बात नहीं है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

केंद्र में सत्तारुढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं। इनमें से बहुत-सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठकें भी हो चुकी हैं। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करे। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। इसलिए इसको सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका संयोजक भी बनाया जाना चाहिए था। मगर कई महीने निकल जाने के बाद भी अभी तक विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाया है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। वह इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे। मगर गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं में आपसी खींचातान के चलते नीतीश कुमार संयोजक नहीं बन सके। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी।





इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम और गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलत 31 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की एकतरफा घोषणा कर दी थी। इनमें वह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं जहां से कांग्रेस चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। अखिलेश यादव की एकतरफा घोषणा से उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन खटाई में पड़ता नजर आ रहा था। मगर कांग्रेस ने अखिलेश यादव की सभी शर्तें मान कर उत्तर प्रदेश में गठबंधन को टूटने से बचा लिया है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। बिहार में राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना है। मगर वहां नीतीश कुमार की जदयू के गठबंधन से बाहर जाने के बाद लालू प्रसाद यादव की राजद 28 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। वामपंथी दल भी वहां आठ सीटों पर दावा कर रहे हैं। ऐसे में यदि समय रहते बिहार में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ तो गठबंधन की गांठ ढीली पड़ जाएगी। तमिलनाडु में कांग्रेस ने 2019 में द्रुमक के साथ मिलकर नौ सीटों पर चुनाव लड़कर आठ सीट जीती थी। मगर अब कांग्रेस वहां 16 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि द्रुमक कांग्रेस को 7 सीट ही देना चाहती है। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर आपसी रार मची हुई है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली में तीन सीट देने की बात कही है। वहीं पंजाब में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक बात नही बनी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी थी। आप ने कांग्रेस से हरियाणा, गुजरात, गोवा, असम की कुछ सीटों की भी मांग की है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) व कांग्रेस की महाविकास अघाडी के साथ वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रकाश अंबेडकर के शामिल होने से महाविकास अघाड़ी मजबूत हुई है। मगर महाराष्ट्र में भी अभी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। हालांकि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल एकजुटता के साथ चुनाव में उतरने को तैयार हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों को एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना होगा तभी वह भाजपा से मुकाबला कर पाएंगे। इसके लिए सबसे पहले इंडिया गठबंधन के संयोजक का चयन करना होगा।

गठबंधन में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि जहां क्षेत्रीय दल मजबूत हैं वहां उनके लिये अधिक सीटें छोड़े ताकि वह भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकें। वहीं कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे प्रदेश जहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में है वहां वह अधिक सीटों पर चुनाव लड़े। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा, गोवा जैसे राज्यों में बहुत कमजोर स्थिति में पहुंच गई है। इन प्रदेशों में क्षेत्रीय दल बहुत मजबूत हैं। ऐसे में कांग्रेस को इन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की मदद करनी चाहिए ताकि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल एक साथ मिलकर भाजपा नीत एनडीए से मुकाबला कर सकें। कांग्रेस के नेता जब तक बड़ा मन रखकर सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं देंगे तब तक गठबंधन में शामिल नेताओं में आपसी मनमुटाव जारी रहेगा।

# गाजा के हालात को लेकर चिंतित प्रियंका वाड्रा ने संदेशखाली में हिंदू महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर चुप्पी क्यों साधी हुई है?

**नीरज कुमार दुबे**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आजकल गाजा के हालात को लेकर बहुत चिंतित हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने गाजा में जो होने दिया वह इतिहास में न केवल पूरी मानवता के लिए बड़ी शर्म, बल्कि मानव जाति के लिए एक परिवर्तनकारी मोड़ के रूप में भी दर्ज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में न्याय, मानवता और अंतरराष्ट्रीय मयार्दा के सभी नियमों को तार-तार किया गया है। देखा जाये तो प्रियंका गांधी वाड्रा को भारत से हजारों किलोमीटर दूर गाजा में हो रहा अत्याचार तो दिख गया लेकिन दिल्ली से 20-25 घंटे की दूरी पर मौजूद पश्चिम बंगाल का संदेशखाली नहीं दिखा जहां महिलाओं के साथ यौनाचार और अत्याचार हुआ। इसलिए सवाल उठता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि पश्चिम बंगाल में जिन महिलाओं का उत्पीड़न हुआ चूंकि वह हिंदू हैं इसलिए उनकी बात नहीं की जा रही है और गाजा में हो रहे हमले से प्रभावित लोगों का धर्म दूसरा है और उनकी बात करने से चूंकि तुष्टिकरण की राजनीति फलती



फूलती है और अपना एक वोटबैंक खुश होता है इसलिए उनकी बात की जा रही है? देखा जाये तो किसी भाजपा शासित राज्य के घटनाक्रम पर ट्वीट से लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करने की सियासत करने से नहीं चूकने वालीं प्रियंका गांधी वाड्रा की संदेशखाली की घटना पर चुप्पी खुद ही कई सवाल उठाती है। संदेशखाली की महिलाओं की व्यथा से मुंह मोड़ कर प्रियंका गांधी वाड्रा सिर्फ महिलाओं के प्रति अपने दोहरे रवैये का प्रदर्शन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस और उन्नाव की घटना के दौरान वहां जाने की जिद करने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा अब तक ना तो संदेशखाली गई हैं ना ही वहां की पीड़िताओं की आवाज उठाते हुए कोई पोस्ट किया है ना ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपने इंडिया गठबंधन की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी से बात की है और ना ही कोई ऐसा संकेत दिया है कि निकट भविष्य में वह संदेशखाली जाना चाहती हैं।

यही नहीं, इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे प्रियंका गांधी वाड्रा के भाई राहुल गांधी भी संदेशखाली की महिलाओं के लिए न्याय की मांग नहीं कर रहे हैं। वह हाल ही में बंगाल में भी थे लेकिन उस दौरान भी ना तो संदेशखाली गये ना ही वहां की पीड़िताओं के पक्ष में कोई आवाज उठाई। राहुल गांधी मणिपुर कई बार हो आये लेकिन संदेशखाली एक बार भी नहीं गये। इसलिए सवाल उठता है कि पीड़िताओं का धर्म देखकर ही उनके लिए न्याय की मांग क्यों की जाती है? पीड़िता किस पार्टी के शासन वाले राज्य से है यह देखकर ही क्यों उनके लिए न्याय की मांग की जाती है? प्रियंका गांधी वाड्रा ने गाजा के लिए तो न्याय, मानवता और मयार्दा जैसे शब्दों का उपयोग किया लेकिन संदेशखाली की पीड़िताओं के लिए क्या न्याय, मानवता और मयार्दा जैसे शब्द मायने नहीं रखते? यहां गाजा या संदेशखाली के हालात की तुलना नहीं की जा रही है लेकिन अत्याचार तो अत्याचार है वह कम या ज्यादा नहीं होता। यहां सवाल सोनिया गांधी से भी है। वह अक्सर वीडियो बयान जारी करके या पत्र लिख कर तमाम समस्याओं या घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करती रही हैं लेकिन संदेशखाली को लेकर उन्होंने अब तक कुछ क्यों नहीं कहा?

बहरहाल, गाजा के हालात को लेकर चिंतित प्रियंका गांधी वाड्रा को समय निकाल कर संदेशखाली की पीड़िताओं की व्यथा तो सुननी ही चाहिए साथ ही वहां के ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर यह भी समझना चाहिए कि उन पर कितने अत्याचार किये गये होंगे। हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संकटग्रस्त संदेशखाली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह फिर से विरोध प्रदर्शन हुए और नाराज स्थानीय लोगों ने इलाके में जबरन जमीन हड़पने एवं महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेताओं की संपत्तियों में आग लगा दी। लाठियों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखाली के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाली संरचनाओं को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उनके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। पता चला है कि जलाई गई संरचना सिराज शेख की थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

# फलस्तीनियों के पक्ष में सांस्कृतिक प्रतिरोध

**पुष्परंजन**

इस बार भारतीय-अमेरिकी फिल्म निमार्ता सुनील संजगिरी ने बर्लिन में चल रहे 74वें फिल्म महोत्सव बर्लिनाले का बहिष्कार कर दिया। 15 से 25 फरवरी, 2024 तक आयोजित बर्लिनाले में संजगिरी गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित पुर्तगाली साम्राज्य के खिलाफ उपनिवेशवाद-विरोधी प्रतिरोध के बारे में अपनी फिल्म प्रदर्शित करने के लिए आये हुए थे, लेकिन बर्लिनाले का माहौल देखकर उन्हें लगा कि प्रीमियर ऐसे असहज वातावरण में न ही करायें तो बेहतर। संजगिरी की फिल्म पुर्तगाली उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत और अफ्रीका में साझा संघर्ष की कहानियां उकेरती हैं, जो 1960 से सत्तर के दशक में दोनों महाद्वीपों के बीच विकसित हुई एकजुटता को उजागर करती है।

इंस्टाग्राम पर संजगिरी ने जर्मन अधिकारियों पर गाजा में युद्ध में फलस्तीनियों के समर्थन बोलने वाली आवाजों को चुप कराने का आरोप लगाया। इंस्टा पर सुनील संजगिरी का संदेश था, मैं सहभागी नहीं बनूंगा। यहां सभी के हाथ खून से सने हैं। लेकिन एक्टर मनोज वाजपेयी, सबसे भले वो मूढ़ जिन्हें न व्यापे जगत गति की मुद्रा में अपनी फिल्म द फेबल की स्क्रीनिंग में व्यस्त दिखे। बर्लिनाले फिल्म फेस्टिवल मैंने लगातार पांच साल कवर किये। दो कैटेगरी के फिल्मकार व कलाकार यहां जुटते हैं, एक जिन्हें ग्लैमर वर्ल्ड और बॉक्स आफिस में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती है, और दूसरे वो लोग जो दुनिया में दमन-उत्पीड़न व भेदभाव से सरोकार रखते हुए प्रतिरोध जताते हैं।

बर्लिन बहिष्कार की घोषणा करते हुए संजगिरी ने स्ट्राइक जर्मनी अभियान को समर्थन व्यक्त किया, जो जनवरी में गुमनाम कलाकारों द्वारा शुरू की गई एक पहल थी, जिसमें फिल्म निमार्ताओं, संगीतकारों, लेखकों और कलाकारों से जर्मनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दूर रहने का आह्वान किया गया था। आयोजकों ने लिखा, यह जर्मन सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा मैककाथीर्वादी नीतियों के उपयोग को अस्वीकार करने का आह्वान है जो विचारों की स्वतंत्रता, विशेष रूप से फलस्तीन के साथ एकजुटता की अभिव्यक्ति को दबाते हैं। बर्लिनाले में भी लगभग 1,600 कलाकारों ने स्ट्राइक के समर्थन में साइन अप किया है, जिसमें फ्रांसीसी नोबेल पुरस्कार विजेता एनी एर्नाक्स भी शामिल हैं। पिछले महीने, बर्लिन के सीटीएम संगीत समारोह ने स्ट्राइक जर्मनी के साथ एकजुटता दिखाते हुए कई कलाकारों की वापसी की घोषणा की। आलोचकों का कहना है कि सरकार ने इस्त्राइल की किसी भी आलोचना को रोकने के लिए अपनी वित्तीय शक्ति का इस्तेमाल किया है। लेकिन जर्मन सरकार ने इन आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर चुकी है। जर्मन संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, कला की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी जर्मनी में लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है जो निश्चित रूप से संघीय सरकार द्वारा संरक्षित है।

गत 7 अक्तूबर, 2023 को हमास अतिवादियों के हमले के बाद से यूरोपभर में यहूदी समर्थक बनाम यहूदी विरोधी विवाद भड़क उठे हैं। यूरोपीय ब्रॉडकास्टिंग यूनियन ने इस्त्राइल को यूरोविजन सांग प्रतियोगिता से बाहर करने की मांग का विरोध किया है। अक्तूबर, 2023 में एक फलस्तीनी लेखक का पुरस्कार स्थगित होने के बाद सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय लेखकों ने फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले की निंदा की। नवंबर में, यूरोप की सबसे महत्वपूर्ण कला प्रदर्शनियों में से एक, डॉक्यूमेंटा की पूरी चयन समिति ने इस्त्राइल-हमास संघर्ष पर विवादों के बाद इस्तीफा दे दिया। यह दीगर और दिलचस्प है कि सुनील संजगिरी के बहिष्कार से ज्यादातर भारतीय फिल्मकारों ने दूरी बनाये रखी है। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास भी इस विवाद में पड़ना नहीं चाहता। जर्मनी में भारत के राजदूत हरीश पर्वथानेनी ने 2024-बर्लिनाले में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया। उनके साथ मनोज बाजपेयी, यूरोपीय फिल्म मार्केट के निदेशक डेनिस रुह और टैगोर सेंटर की निदेशक तृषा सकलेचा भी मौजूद थीं। मनोज बाजपेयी ने एक्स पर इवेंट की कुछ तस्वीरें साझा कीं और लिखा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सिनेमाई सहयोग को बढ़ावा देने वाले जर्मनी में भारत के राजदूत हरीश पर्वथानेनी के साथ बर्लिन में इंडिया पवेलियन में उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

गाजा हमले के हवाले से फरवरी के शुरू में इतालवी शहर नेपल्स में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सरकारी प्रसारक आरएआई ने लोकप्रिय सैनरेमो संगीत समारोह की समापन के दौरान रैपर घाली द्वारा नरसंहार को रोकने की अपील से खुद को दूर कर लिया। ब्रिटेन में, कलाकारों का एक नेटवर्क उन घटनाओं का दस्तावेज तैयार कर रहा है, जो कलाकारों के फलस्तीन समर्थक विचारों के कारण बहिष्कृत कर दी गई थीं। ब्रिस्टल में अर्नोल्फिनी आर्ट गैलरी ने भी दो फलस्तीनी फिल्म कार्यक्रमों को रद्द करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की, कि यह गलत हो रहा है। नवंबर, 2023 में फ्रांसीसी कलाकारों के एक समूह ने एक मूक मार्च का आयोजन किया, जहां उन्होंने बिना किसी नारे के एक सफेद बैनर लगा रखा था। पिछले महीने, बर्लिन के सीटीएम संगीत समारोह ने स्ट्राइक जर्मनी के साथ एकजुटता दिखाते हुए कई कलाकारों को वापस बुला लेने की घोषणा की।

शाई हॉफमैन इस्त्राइली-जर्मन यहूदी है, और योआन्ना हसन जर्मन-फलस्तीनी। 7 अक्तूबर, 2023 को इस्त्राइल में हमास द्वारा और उसके प्रकारांतर गाजा में इस्त्राइली हमले के बाद, हॉफमैन ने टिनी स्पेस प्रोजेक्ट लॉन्च किया। एक छोटे से चलते-फिरते वाहन में उसका ऑफिस बनाया, जो लगभग तीन-चार लोगों के लिए उपयुक्त था। उस वाहन को बर्लिन के आसपास पॉप-अप स्थानों पर ले जाया गया, जहां मिडिल ईस्ट पर चर्चा की मेजबानी की गई। ये लोग बर्लिनाले इंवेंट में भी अपने केबिन के साथ उपस्थित हैं, और फिल्मकारों से गाजा युद्ध जैसे विषय पर बहस की अपील करते दिखते हैं।

यूरोप के तीन प्रमुख फिल्म महोत्सवों में सबसे युवा, बर्लिनाले की स्थापना 1932 में वेनिस फिल्म महोत्सव और 1946 में कॉन्स फिल्म महोत्सव के बाद 1951 में की गई थी। शुरूआत 6 जून, 1951 को जोन फोंटेन और गैरी ग्रांट अभिनीत अल्फ्रेड हिचकॉक की रेबेका से हुई थी। पश्चिम बर्लिन के टाइटेनिया-पालास्त सिनेमा में पहला फिल्मोत्सव हुआ था। नाम था बर्लिनाले। कम ही लोग जानते हैं कि जर्मन फिल्म महोत्सव बर्लिनाले अमेरिकी प्रयासों से शुरू हुआ था। ऑस्कर मार्टे (1920-1995) बर्लिन में अमेरिकी सेना में एक फिल्म अधिकारी थे। उनके सुझाव पर ही बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की स्थापना के लिए 9 अक्तूबर, 1950 को एक समिति की बैठक हुई। मार्टे 1951 में बर्लिनाले के प्रसिद्ध गोल्डन बियर पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ताओं में से एक थे। सेना छोड़ने के बाद मार्टे जर्मनी में रहकर फिल्म निर्माण करने लगे। उन्होंने 1955 में जर्मन अभिनेत्री रेनेट बार्केन से शादी की। बहरहाल, बर्लिनाले कभी अमेरिकी प्रभाव से मुक्त नहीं हुआ। इसलिए इस समय जो कुछ चल रहा है, उसने बर्लिनाले की साख पर एक बार फिर से सवाल खड़ा किया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 1 मुस्लिम सहित 380 जोड़े हुए एक दुसरे के



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन आर टी आई मैदान नवीन स्टेडियम में आयोजित किया गया। शादी समारोह का शुभारम्भं जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। सामुहिक विवाह योजना में कुल 380 जोड़ो का सामुहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामुहित विवाह में 01 मुस्लिम जोड़ों की मोलवी द्वारा निकाह कराया गया जिसमें नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु फलदार वृक्ष का पौधा उनके हाथे में दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने नव विवाहित वर-वधुओ को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ो ने 7 फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है उसे आजीवन निर्वहन करे। मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारो को इसका लाभ दिया है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के महत्वकाक्षी योजना को आगे बढ़ाते हुए उ0प्र0 के बेटियो को उन्होने अपनी बेटी मानकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पूरे प्रदेश में चलाया है, जिसका हम सभी सम्मान करते है। उन्होने कहा कि दानो में सर्वश्रेष्ठ दान कन्यादान है। आप जीवन में आगे बढ़े। जिस तरह यहा आज उत्सव हो रहा है वैसे ही आप का जीवन का हर दिन उत्सव भरा हो। उन्होने शादी समारोह में आये हुए वर एवं वधु के परिजनो के प्रति भी शुभकामना व्यक्त की। मा0 अध्यक्षा ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत 51 हजार की धनराशि प्रदान किया जा रहा है जिसमें 35 हजार रुपए वधु के खाते में तथा 10 हजार रुपए के उपहार एवं 6 हजार शादी समारोह के आयोजन के लिए दिया जा रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की शादी कराया जा रहा है। जिसमे लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए विवाहित नव दाम्पत्य जोड़ो को उनके विवाहित जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से बेटियों को बोझ समझने की जो एक मंशा या सोच रहती है, उन सभी कुरीतियों पर एक प्रहार है यह सामुहिक विवाह कार्यक्रम। मिल बाट कर एक सादगी से भरे इस कार्यक्रम में परिणय सुत्र मे बध जाये और दहेज प्रथा तथा बेटियों को बोझ समझने की सोच से उबरकर, हम आगे बढ सके तथा बेटियों को समाज में उनको उचित स्थान दे सके यही मा0 मुख्यमंत्री जी मंशा है। आभार जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## थाना दिवस पर कोतवाली सदर में डीएम संग एसपी ने सुनी फरियाद निस्तारण का दिया निर्देश



प्रखर ब्यूरो। शासन के निर्देश पर माह के चौथे, शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली सदर में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दिवस पर समीक्षा के दौरान शिकायतो के निस्तारण के दौरान लेखपालों को निर्देश दिया कि वह भूमि विवाद रजिस्टर बना ले। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिस गांव की शिकायत आती है वो मौके पर गांव के संबंधित लेखपाल एवं पुलिस विभाग की टीम के साथ मिलकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस मौके पर कोतवाल सदर, अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर सहजनवां गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष सहजनवां के नेतृत्व में उ0नि0 अवधेश पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 109/2024 धारा 498ए/ 304बी/ 506 भा0दं0सं0 व 3 /4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त उदय शाहकर पुत्र स्व0 भरत प्रसाद निवासी हनुमंत नगर वार्ड 14 घघसरा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शब ए बारात व रविदास जयंती पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

सिकन्दरपुर (बलिया)। सिकंदरपुर चौकी परिसर में शुक्रवार को शब ए बारात व रविदास जयंती पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक नायब तहसीलदार सीपी यादव की अध्यक्षता में आयोजित दी गई। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक ने कहा कि शब ए बारात के अवसर पर रात्रि में कब्रिस्तान एवं मस्जिद पर प्रशासन की विशेष निगरानी रखी जाएगी। ताकि कब्रिस्तान और मस्जिद आने-जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार को कोई कठिनाई न आए और शांतिपूर्ण वातावरण में शब ए बारात का पर्व रात्रि में संपन्न हो सके।

## चारा काटने वाली मशीन से बालक का कटा हाथ, 108 एंबुलेंस में पहुंचा वाराणसी बीएचयू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 108 एम्बुलेंस लगातार लोगों को जीवनदान देने के साथ ही साथ उन्हें समय पर सही इलाज के लिए चिकित्सालयों तक पहुंचाने के कार्य में लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक मरीज जिसका हाथ चारा काटने वाली मशीन से कट गया था। उसे जिला अस्पताल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से वाराणसी तक पहुंचाया। उसे बीएचयू वाराणसी में एडमिट करा कर उसका इलाज शुरू करवाया। 108 एंबुलेंस के प्रभारी दीपक राय ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल से 108 एंबुलेंस के लिए कॉल आया । बताया गया कि जिला अस्पताल से एक मरीज सुभान उम्र 7 वर्ष पुत्र सन्ने निवासी बसिला ब्लॉक मनिहारी का चारा काटने वाली मशीन से हाथ कट गया है। जिसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी भेजा जाना है। जिसकी जानकारी पर पायलट संतोष कुमार और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अमित कुमार जिला अस्पताल पहुंचकर तत्काल उसे मरीज को वाराणसी बीएचयू को लेकर रवाना हुए। रास्ते में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन मरीज की देखरेख करते हुए वाराणसी तक पहुंचा। और फिर उसे बीएचयू में एडमिट कराया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।



## 25 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक गांव गांव में युवा चौपाल कार्यक्रम का होगा आयोजन




प्रखर संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी के सिर्फ नेतृत्व के द्वारा आदेश अनुसार पूरे उत्तर प्रदेश में 25 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संत कबीर नगर जिले के भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दी। सर्वेश त्रिपाठी ने आगे अभी बताया कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जो कल 25 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक अनवरत चलेगा और यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का जो संगठन मंडल है हर मंडलों में काम से कम 25 से 30 चौपाल लगाए जाएंगे, जो ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे और हर चौपाल में नौजवानों को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र और उत्तर प्रदेश की परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज की सरकार के द्वारा जो विकास कार्य नौजवानों के हित में युवाओं के लिए किया गया है उसके बारे में लोगों को बताया जाएगा। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ऐतिहासिक मतदान करने की अपील किया जाएगा। क्योंकि हमारे नए मतदाता अधिक मात्रा में जुड़े हुए हैं तो ऐसे लोगों से संपर्क किया जाएगा और एक तरह से एक संपर्क अभियान है और जगह-जगह गांव में युवा चौपाल कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें हमारे सांसद विधायक ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य जितने जनप्रतिनिधि हैं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं सभी लोगों का कार्यक्रम हर ग्राम पंचायत में लगेगा। और हम लोग अनव्रत हम लोग गांव में चलेंगे आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां को गिनाएंगे तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः एक बार फिर देश के शशि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के कुर्सी पर बैठाया जाएगा। इसी सोच के साथ शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मिले आदेश अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी के संत कबीर नगर जिले के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी तथा भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी युवा मोर्चा सुशील कुमार प्रजापति तथा भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का समापन


प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। सहजनवां गोरखपुर। क्षेत्र के बाबूलाल जी सिंह पीजी कॉलेज भगौरा,सहजनवां में एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का आज सांस्कृतिक आयोजनों के साथ विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं संजना पांडेय, कुमकुम मद्धेशिया ,वंदना सिंह, संजना गौड ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा श्रुति, प्रिया मद्धेशिया, जया यादव ने स्वागत गान गाकर कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही चारों इकाइयों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरिनाथ सिंह ने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा की एन एस एस से एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है ,जिससे एक अच्छे नागरिक का निर्माण होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेंद्र प्रसाद ने किया तथा संचालन डॉ राजकमल सिंह ने किया। 18 फरवरी को एनएसएस के इस सप्तशती शिविर का प्रारंभ किया गया था जिसका आज 24 फरवरी को विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर डा राजीव यादव,डा दिनेश चौबे,डा ज्योति मद्धेशिया, डा हिमांचल सिंह, संजय कुमार यादव, मिथिलेश प्रजापति, अजित श्रीवास्तव सहित दर्जनों कि संख्या में स्वयं सेवक और स्वंय सेविकाएं उपस्थित रही।



## डाक्टर बना मौत का सौदागर, ले ली एक और गर्भवती महिला की जान

### डाक्टर स्टाफ गुंडई पर हुआ उतारू मृतका की फाइल छीन परिजनों को अस्पताल से धक्का देकर भगाया





प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। शाहगंज का एक चर्चित अस्पताल का डाक्टर फिर एक गर्भवती महिला की जान लेकर बन गया है मौत का सौदागर। बताया जाता है की तहसील क्षेत्र के ग्राम जमदहा थाना खेतासराय निवासी इंदल यादव अपनी 26 वर्षीय दो माह की गर्भवती पत्नी रेनू यादव को शुक्रवार की दोपहर नगर के आजमगढ़ रोड स्थित ए एन मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डाक्टर नीना के देख रेख में गर्भवती रेणु यादव का उपचार हुआ और डाक्टर ने छुट्टी दे दी। शाम को लगभग पाँच बजे रेणु की तबियत अचानक फिर खराब हो गयी। और परिजनों ने पुनः उसी अस्पताल लेकर आये जहां जहां लगभग बारह बजे गर्भवती रेनू यादव की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है की डाक्टर नीना और उनके अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा गलत इंजेक्शन और लापरवाही के कारण रेनू यादव की मौत हुई है। आरोप है मृतका का उसी अस्पताल में एक माह से इलाज चल रहा था।जिसका पूरा फाइल डाक्टर के मनबढ़ गुंडों ने फाइल छीन ली और गाली गलौज करते हुए डाक्टर ने धमकी दिया की जाओ जो करना है कर लो और धक्के देकर अस्पताल गेट से बाहर कर ताला मार दिए।

परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतू जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतका के परिजनों ने कोतवाली पुलिस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को लिखित तहरीर देते हुए डाक्टर नीना और उसके स्टाफ के खिलाफ कठोर कार्यवाई की मांग की है। गौरतलब है की इसके पूर्व भी उक्त अस्पताल कई जच्चा बच्चा की मौत हो चुकी है और परिजनों द्वारा तोड़ फोड़ भी हुई जिसे स्वास्थ विभाग ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच बिठा दिया था। अब फिर आरोप के अनुसार उक्त डाक्टर ने एक और गर्भवती महिला की जान ले ली जिससे आये दिन उक्त अस्पताल सुर्खियों में बना रहता है।

**एक बार फिर शाहगंज का नीना अस्पताल आया चर्चा में**– सवाल उठता है बार बार ऐसी घटनाओं के बावजूद उक्त अस्पताल धडल्ले से अप्रशिक्षित स्टाफ के द्वारा संचालित होता हो रहा है।और स्वास्थ को लेकर सारे जतन पर यह उक्त अस्पताल पानी फेर रहा है। घटना के बाद नगर में उक्त डाक्टर को लेकर चर्चा है की वह डाक्टर नही मौत का सौदागर है। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राकेश कुमार ने कहा की मामला संज्ञान में आया जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति मौत के कारण का पता चल पाएगा। वहीं आई एम ए शाहगंज के अध्यक्ष डाक्टर एसएल गुप्ता ने कहा की मामला पुलिस के संज्ञान में है ।किसी के साथ भी अन्याय नही होने दिया जाएगा। वहीं प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय का कहना है तहरीर मिली है शव को पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने गालीगलौज और धक्का मुक्की की बात को सिरे से नकार दिया। अब देखना यह होगा की इस बार पीड़ित पक्ष को न्याय मिल पाता है की नही या फिर ये सिलसिला ऐसे ही बदस्तूर जारी रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सादात पुलिस ने किया गैर जमानती वारंट के तीन वांछितों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को थाना सादात गाजीपुर की टीम द्वारा माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सैदपुर, गाजीपुर द्वारा निर्गत एनबीडब्लू के सिलसिले में मु0नं0 4210/20 धारा 147/323/504/427 आईपीसी से संबन्धित 03 नफर वारंटी प्रकाश उर्फ ओमप्रकाश यादव पुत्र रामजीत यादव, अजय यादव पुत्र कैलाश यादव, कैलाश यादव पुत्र लक्षीराम यादव समस्त निवासीगण ग्राम सरैया थाना सादात गाजीपुर, को उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार मय हमराह कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल प्रशान्त कुमार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया। बाद गिरफ्तारी वारन्टीगण उपरोक्त के नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। गिरफ्तारी मे शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी थाना सादात, उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार थाना सादात, कांस्टेबल दिलीप कुमार थाना सादात, कांस्टेबल प्रशान्त कुमार थाना सादात, गाजीपुर शामिल रहे।

### चोरों ने पंचायत भवन का ताला चटकाकर चोरी किया बैटरी और इन्वर्टर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगसर क्षेत्र के सरहुला ग्राम पँचायत भवन में बीते शुक्रवार की रात को चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर 2 बड़ी बैटरी एवं इनवर्टर चुरा लिया ।इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को आज शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वह पंचायत भवन पहुंचे देखा कि उसका दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। इसकी सूचना पर वहाँ भीड इकट्ठा हो गई,सूचना पर पहुंचे पंचायत सहायक सतवंत कुमार गौतम इस बात की जानकारी ग्राम प्रधान धर्मप्रकाश को व ग्रामसचिव रोहित कुमार को दिया।जिसके बाद ग्राम प्रधान के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई। ग्रामीणों ने कहा कि जब सरकारी भवन और सामान सुरक्षित नही है तो सामान्य आमजन व उनके सामान कैसे सुरक्षित रहेगा इस बात का डर बना हुआ है। नगसर थानाध्यक्ष सन्तोष राय ने बताया कि जानकारी मिली है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है।

### बालखण्डी नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केन्द्र व्यवस्थापक/ सहअध्यापक/कक्ष निरीक्षक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत

बलिया। पुलिस अधीक्षक महोदय बलिया श्री देवरंजन वर्मा द्वारा यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 को नकल विहिन व शुचितापूर्ण संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत नकल माफियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 22.02.2024 को यूपी बोर्ड परीक्षा-2024 के परीक्षा केन्द्र संख्या 1145 बालखण्डी नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिसोटार थाना सिकन्दरपुर मे सचल दल प्रभारी राजेश कुमार यादव सह जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया टीम द्वारा परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान कुछ परीक्षार्थियो के अति लघु उत्तरीय प्रश्नो के उत्तर एक समान पाये जाने मे हिन्दी के अध्यापक 1. श्री धर्मेन्द्र प्रसाद शर्मा कक्ष निरीक्षक 2. सहायक अध्यापक श्री राधेश्याम 3. केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य श्री गिरीश राय की संलिप्तता पाये जाने के सम्बन्ध मे सह जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया के लिखित प्रार्थना पत्र पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 44/2024 धारा 7/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 विरूद्ध 1. कक्ष निरीक्षक धर्मेन्द्र प्रसाद शर्मा, 2. सहायक अध्यापक श्री राधेश्याम 3. केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य गिरीश राय के पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### तलवार के साथ जन्मदिन मनाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया । पुलिस अधीक्षक जनपद बलिया श्री देव रंजन वर्मा द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक फेफना श्री गजानन्द चौबे के कुशल नेतृत्व मे फेफना पुलिस को मिली महत्वपुर्ण सफलता । उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 23.02.2024 को थाना फेफना पुलिस टीम के उ0नि0 श्री राघवराम यादव मय हमराह ग्राम सागरपाली में मामूर होकर सोशल मीडिया पर तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाने से सम्बन्धित वायरल वीडियों के बारे में वार्ता कर रहे थे कि मुखबीर खास द्वारा सूचना मिली की उपरोक्त वायरल वीडियों से सम्बन्धित एक व्यक्ति तलवार के साथ सेमरा घाट की तरफ जा रहा है कि इस सूचना पर फेफना पुलिस टीम द्वारा सेमरा घाट की तरफ कालीदास बाबा मंदिर से 50 मी0 दूरी पर जा रहे व्यक्ति को समय 11.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया । गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पता पूछने पर अपना नाम बलजीत यादव पुत्र स्व0 शंकर यादव निवासी रद्दूचक वैना थाना फेफना जनपद बलिया बताया तथा उसका जामातलाशी से 01 अदद कंधे पर लटकायी हुई तलवार बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय बलिया रवाना किया गया ।

### सहकारी संघ रसड़ा के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने टुनटुन सिंह

रसड़ा, बलिया। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत सहकारी संघ रसड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को संघ कार्यालय पर निर्विरोध संपन्न हो गया। चुनाव अधिकारी राजीव कुमार यादव व सचिव संतोष कुमार गुप्त की देखरेख में हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर टुनटुन सिंह लगातार दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती रोशनी सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। चुनाव अधिकारी राजीव कुमार यादव ने निर्वाचित घोषित हुए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।इसके अलावा अखिलेश त्रिपाठी, अजय कुमार, मोहन सिंह, स्वामी नाथ, गीता देवी, अंजू सिंह, नीलम सिंह व अखिलेंद्र प्रताप सिंह निर्विरोध संचालक निर्वाचित किए गए।इस मौके पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### विश्व का प्राचीनतम सलखन फासिल्स पार्क और ऐतिहासिक अगोरी किला का दो-दो मंत्रियों ने किया निरीक्षण

सोनभद्र। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ0प्र0 शासन असीम अरूण ने शुक्रवार को जनपद सोनभद्र में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंत्री संजीव कुमार गौड़ के साथ विश्व प्रसिद्ध सलखन फासिल्स पार्क का निरीक्षण किया, इस दौरान मंत्री जी ने कहा कि टूरिज्म डायरेक्ट्री यानी फोटोग्राफ्स सहित संक्षिप्त विवरण का बोर्ड भी लगाया जाये, इसके साथ ही टूरिज्म गाईड की व्यवस्था की जाये, जिससे जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े फासिल्स का गौरव सोनभद्र जिले को हासिल है, जनपद में आने वाले विदेशी सैलानियों को सोनभद्र के पर्यटन स्थलों के साथ ही विशेष रूप से करोड़ वर्ष से पुराने फासिल्स पार्क को देखने के लिए आकर्षित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर पर्यटन जैसे स्थानों को चिहिन्त कर विकास कराया जाये, जिससे जनपद में आने वाले पर्यटक आकर्षित हो सके। इसी प्रकार से राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ0प्र0 शासन असीम अरूण व राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ ने अगोरी किला का निरीक्षण किया और किले के बारे में उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### इस्राइली बमबारी में 40 की मौत

**गाजा।** गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक प्रेस बयान में कहा है कि मध्य गाजा पट्टी पर इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्राइली विमानों ने गुरुवार को दीर अल-बलाह शहर में कई घरों पर हमले किए, इससे वे पूरी तरह से नष्ट हो गए। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कुछ शवों को अल-अक्सा शहीद अस्पताल में रखा गया है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इस्राइली हमले में गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाने के लिए एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा टीमें मौके पर पहुंचीं।

### कोलंबिया : हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चार की मौत

**बोगोटा।** लैटिन अमेरिकी देश कोलंबिया के एंटिओक्विया प्रांत के कारमांता शहर में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया। राष्ट्रीय पुलिस के प्रमुख जनरल विलियम रेने सलामांका और रक्षा मंत्री इवान वेलास्को ने बताया कि हेलीकॉप्टर काकेशिया-मेडेलिन-तुलुआ मार्ग को कवर कर रहा था। इस दौरान यह रडार से गायब हो गया। सलामांका ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

### नेतन्याहू ने गाजा के लिए पेश की योजना

**यरुशलम।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास से युद्ध खत्म होने के बाद की स्थितियों के लिए नीति तैयार की है। इसके तहत असैन्यकृत गाजा पर इस्राइल का नियंत्रण होगा और वह आम जनजीवन से संबंधित मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नेतन्याहू की यह योजना मंजूरी के लिए उनके मंत्रिमंडल को भेज दी गई है। नेतन्याहू ने युद्ध के बाद की स्थिति को लेकर पहली बार औपचारिक रूप से कोई योजना पेश की है, हालांकि इसमें बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। गाजा में इस्राइल की भूमिका को लेकर नेतन्याहू का जोर फिलिस्तीन में स्वायत्त सरकार बनाने के अमेरिकी प्रस्तावों के विपरीत है।

### श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरों को किया रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने इस महीने की शुरुआत में कथित तौर पर श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने पर गिरफ्तार किये गये 18 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मछुआरों को सात फरवरी को उत्तरी श्रीलंका के जाफना में डेल्फ्ट द्वीप के समुद्र तट से गिरफ्तार किया गया था। जाफना में मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को 18 मछुआरों को रिहा करते हुए मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की गई नावों के दो चालकों को छह महीने जेल की सजा भी सुनवाई। नावों को जब्त करने का आदेश दिया गया। जब मछुआरों को अदालत में पेश किया गया तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मजिस्ट्रेट ने श्रीलंकाई नौसेना और जाफना में भारतीय उप उच्चायोग कार्यालय की सहायता से उनकी स्वदेश वापसी का आदेश दिया।

### जीमेल की सेवा नहीं होगी बंद

**वॉशिंगटन।** गूगल के ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल ने सेवा समाप्त किए जाने संबंधी वायरल फर्जी संदेश को खारिज करते हुए कहा है कि यह सेवा जारी रहेगी। जीमेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, 'जीमेल यहां रहने के लिए है।' इससे पहले जीमेल से आई फर्जी ईमेल में दावा किया गया था कि अगस्त 2024 में यह सेवा समाप्त कर दी जाएगी। गत सितंबर में गूगल ने कहा था कि जीमेल अब यूजर्स को जनवरी 2024 से बेसिक ब्राउजर एचटीएमएल व्यू पर कनेक्टिविटी की अनुमति नहीं देगा। दूसरी तरफ गुरुवार को गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) मॉडल जेमिनी की लोगों की इमेजिंग क्षमता को उस समय तक के लिए निलंबित कर दिया जब तक कि वे एआई मॉडल का उन्नत संस्करण जारी नहीं कर देते।

# चीन-भारत संबंधों का संतुलन में पहुंचना चुनौती : जयशंकर




**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत-चीन संबंधों के लिए, संतुलन की स्थिति में पहुंचना और इसे बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि तात्कालिक मुद्दा निर्धारित नियमों का बीजिंग द्वारा पालन नहीं किया जाना है जिसके चलते पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद उत्पन्न हुआ।

'रायसीना डायलॉग' में एक परिचर्चा सत्र में, जयशंकर ने द्विपक्षीय ढांचे के तहत मुद्दों को रोकने में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए। विदेश मंत्री ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। उन्होंने वैश्विक रेटिंग एजेंसी गोल्डमैन सैश के अनुमानों का हवाला दिया, जिसके अनुसार 2075 तक दोनों देश 50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत को सर्वश्रेष्ठ संभावित नतीजे पाने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय प्रणाली का उपयोग करने के लिए पर्याप्त रूप से आश्वस्त होना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन और भारत के बीच समाधान का कोई बिंदु है और क्या दोनों देश अपने ठहरे हुए संबंधों में आखिरकार संतुलन की एक स्थिति लाएंगे? उन्होंने कहा, यहां एक तात्कालिक मुद्दा है : 1980 के दशक के अंत से, विशेष ररूप से सीमा मुद्दे पर हमारे बीच एक तालमेल था क्योंकि यह हम दोनों के लिए उपयुक्त था। करीब 30 साल बाद अब इससे विचलन हो गया है। सीमा पर उनके बर्ताव के संदर्भ में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि संतुलन की एक स्थिति में पहुंचना, फिर उसे बरकरार रखना और उसे स्फूर्त करना दोनों देशों के लिए एक सबसे बड़ी चुनौती होने जा रही है।

**कहा, चीन के कारण पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद उत्पन्न हुआ**

विदेश मंत्री ने कहा कि 'चाल' चली जाएगी, और यह केवल 'हम दोनों के बीच' होगा। उन्होंने कहा, 'अन्य 190 देश हमारे संबंधों के बीच कहीं से भी नहीं है। यह एक चाल होगी, जो चली जाएगी। मुझे नहीं लगता कि हमें ऐसा करना चाहिए।" दोनों देशों की अर्थव्यस्थाओं के बारे में जयशंकर ने कहा कि चीन ने भारत की तुलना में जल्द और तेजी से शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, 'लेकिन ऐसा स्वाभाविक रूप से होता है कि एक स्तर पर हर कोई धीमा पड़ जाता है। इसलिए, ऐसा समय आएगा जब उनकी प्रगति मंद पड़ जाएगी और हम वृद्धि करना जारी रखेंगे।

# शासन कला की महान परंपरा वाली शक्ति है रूस : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रम और उनके परिणाम पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रूस शासन कला की एक महान परंपरा वाली शक्ति है और एशिया या गैर पश्चिमी देशों की तरफ इसका रुख अधिक रहा है।

रायसीना डायलॉग के एक सत्र में जयशंकर बीजिंग के साथ मॉस्को की बढ़ती निकटता से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस को कई विकल्प देने के मायने हैं और इसे केवल एक विकल्प के अनुरूप ढालकर, इसके लिए आलोचना करना तर्कसंगत नहीं होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि रूस को कई विकल्प देने का मतलब है। अगर हम रूस को एक ही विकल्प में ढालते हैं और कहते हैं कि यह वास्तव में बुरा है क्योंकि यही परिणाम है, तो यह भविष्य की अनिश्चित घटना को पहले ही सही मानकर उसके अनुरूप व्यवहार करने जैसा (सेल्फ फुलफिलिंग प्रोफेसी) होगा। जयशंकर ने कहा, आज अन्य देशों, खासकर एशिया के लिए रूस के साथ जुड़ना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, रूस शासन कला की एक महान परंपरा वाली एक शक्ति है। ऐसी शक्तियां कभी भी खुद को बहुत गहन प्रकृति के एक रिश्ते में नहीं बांधेंगी। यह उनकी सोच के खिलाफ होगा।

**कहा, पश्चिम की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं**

विदेश मंत्री से रूस और चीन के बीच संबंधों की प्रगाढता पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया था। साथ ही उनसे यह भी पूछा गया था कि क्या भारत इससे असहज है? जयशंकर ने कहा, रूस के साथ आज जो हुआ है वह यह है कि रूस और पश्चिम के लिए बहुत सारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। हम इसका कारण जानते हैं। रूस एशिया या दुनिया के गैर पश्चिमी देशों की तरफ अधिक रुख कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिम की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। उन्होंने कहा, यह अजीब है कि एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां तय करते हैं और दोनों को एक साथ लाते हैं और फिर आप कहते हैं कि उनके एक साथ आने से सावधान रहें। यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था। जयशंकर की टिप्पणी उनके उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के रूस के साथ 'स्थिर' और 'बहुत मैत्रीपूर्ण' संबंध रहे हैं और मॉस्को ने कभी भी नयी दिल्ली के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने रहे। भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात काफी बढ गया है भले ही कई पश्चिमी देशों में इसे लेकर बेचैनी बढ़ गई है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। जयशंकर ने भारत की जी20 अध्यक्षता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इसने अफ्रीकी संघ को समूह के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करना सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि यदि जी20 का विस्तार किया जा सकता है, तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता भी बढाई जा सकती है।

# सरकार ने शुरू किए चार वेब पोर्टल

**समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए बनाएंगे अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल**




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को चार वेब पोर्टल शुरू किए जो समाचारपत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देकर सरकारी संचार में पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने तथा नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाएंगे। इन चार पोर्टल में समाचारपत्र पंजीकरण को सुव्यवस्थित करने के लिए 'प्रेस सेवा' पोर्टल और 'नेवीगेट भारत' पोर्टल शामिल हैं जो सरकार के विकास-संबंधी और नागरिक कल्याणोन्मुख उपायों की संपूर्ण श्रृंखला पर वीडियो होस्ट करता है। दो अन्य पोर्टल में स्थानीय केबल ऑपरेटरों के पंजीकरण और पारदर्शी, मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणाली शामिल है।

ठाकुर ने यहां एक कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के लिए 'प्रेस इन इंडिया' शीर्षक से एक वार्षिक रिपोर्ट भी जारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवर्तनगामी शासन और आर्थिक सुधारों पर जोर दिया, जिससे भारत में व्यापार करने में आसानी में काफी सुधार हुआ है। इससे मौजूदा व्यवसायों और नए उद्यमों, दोनों से निवेश में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से स्टार्टअप इको-सिस्टम फला-फूला है, जिसमें स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ठाकुर ने चार पोर्टलों को शुरू करने का जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में व्यवसाय शुरू करना आसान बना दिया है और हमारा कदम भी उसी दिशा में है।

**भारत में पत्रिकाओं के प्रकाशन में उल्लेखनीय वृद्धि :** भारत में पिछले साल 31 मार्च तक 1.48 लाख से अधिक प्रकाशन पंजीकृत होने के साथ पत्रिकाओं की संख्या में 'उल्लेखनीय वृद्धि' दर्ज की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी सरकार की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर पत्रिकाएं अंग्रेजी और संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध अन्य भाषाओं में पंजीकृत थीं। वहीं, कुछ पत्रिकाएं 189 अन्य भाषाओं या बोलियों और कुछ विदेशी भाषाओं में भी पंजीकृत हुईं।

'प्रेस इन इंडिया 2022-23' शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, रिकॉर्ड के अनुसार, 31 मार्च, 2023 तक भारत में 1,48,363 प्रिंट पत्रिकाएं पंजीकृत की हुईं। वित्त वर्ष 2022-23 में पंजीकृत पत्रिकाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी। पंजीकृत पत्रिकाओं की संख्या में वृद्धि को इस बात की ओर इशारा करती है कि देखने-सुनने और डिजिटल या ऑनलाइन मीडिया के प्रसार के बावजूद देश में प्रिंट मीडिया का विकास ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ है।

# इस्राइली सेना ने फिर नासिर अस्पताल में किया प्रवेश

**गाजा(आईएएनएस)।** गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली सेना ने अपने सैनिकों को कुछ देर के लिए वापस बुलाने के तुरंत फिर से नासिर अस्पताल में सशस्त्र सैनिकों के साथ चार बख्तरबंद वाहनों भेजे। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार इस्राइली सेना ने परिसर को सैन्य बैरक में बदल दिया है।

इस्राइल के चैनल 13 समाचार की दावा किया गया था कि आईडीएफ ने अस्पताल में अपना ऑपरेशन समाप्त कर दिया था। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने समाचार एजेंसी को बताया कि अस्पताल में 120 से अधिक घायल लोगों और मरीजों के साथ-साथ चिकित्सा टीमें भी हैं। उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल में बिजली, पानी, भोजन, ऑक्सीजन और गंभीर मामलों के लिए उचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अस्पतालों के सैन्यीकरण को समाप्त करने और सभी मानवीय और चिकित्सा जरूरतों को प्रदान करने के लिए इस्राइल पर दबाव डालने का आग्रह किया। दो दिन पहले, इस्राइली सार्वजनिक रेडियो ने बताया कि नासिर अस्पताल क्षेत्र में लड़ रहे सैन्य बलों को वहां अपने पूर्ण नियंत्रण के लिए कुछ और दिनों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है कि अस्पताल बड़ी संख्या में हमास लड़ाकों की शरणस्थली बन गया था, जो उत्तरी गाजा पट्टी से भाग गए थे। इनमें से दर्जनों मारे गए हैं, जबकि लगभग 200 ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

**अस्पताल में बिजली, पानी, भोजन, ऑक्सीजन और गंभीर मामलों के लिए उचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव**

# अमेरिका के 17 विवि का प्रतिनिधिमंडल आएगा भारत

**वॉशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के शीर्ष 17 विश्वविद्यालयों की उच्च स्तरीय समिति अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेगी। यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा दोनों देशों के बीच छात्रों एवं शोधार्थियों की आवाजाही बढ़ाने के लक्ष्य के तहत आयोजित की गई है। 31 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में 26 संस्थानों का दौरा करेगा।

हाल में अमेरिका में भारतीयों तथा भारतीय छात्रों पर हुए हमलों की पृष्ठभूमि में इस दौरे को अहम माना जा रहा है। इन हमलों में कई छात्रों की मौत हो गई है। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका और भारत के बीच हाल के वर्षों में आपसी हित को आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई रणनीतियों का ही हिस्सा है। अमेरिका के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों की राजकीय यात्राओं पर गए थे जिससे अमेरिका-भारत व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी की फिर पुष्टि हुई थी। 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन' (आईआईई) की सह-अध्यक्ष ए. सारा इल्चमैन ने कहा, 'हमें 26 भारतीय संस्थानों में जाने का मौका मिलेगा और दोनों देशों के बीच सहयोग, छात्रों और शोधार्थियों की आवाजाही और संस्थानों के बीच स्थाई साझेदारी को बढ़ावा देने के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा।'

उन्होंने कहा, 'अमेरिका में भारतीय छात्र और विद्वान अब रिकॉर्ड संख्या में हैं। इस वक्त करीब 2 लाख 70 हजार भारतीय छात्र और लगभग 17 हजार भारतीय शोधार्थी देश में हैं। ऐसे में इस सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए भारत और भारतीय संस्थानों के साथ संपर्क का यह बेहतर वक्त है।'

# हिंद महासागर में भारत, मालदीव व श्रीलंका की 'दोस्ती'

**माले (भाषा)।** समुद्री सुरक्षा और पारस्परिकता बढ़ाने एवं हिंद महासागर क्षेत्र में उभर रही चुनौतियों की पहचान करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल, मालदीव और श्रीलंका के जवान चार दिवसीय त्रिपक्षीय अभ्यास कर रहे हैं।

भारतीय तटरक्षक बल का पोत समर्थ और आईसीजीएस अभिनव के साथ श्रीलंकाई नौसेना का पोत 'समुद्र' बृहस्पतिवार को 'दोस्ती-16' युद्धाभ्यास के लिए यहां पहुंचे। युद्धाभ्यास 22 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा और बांग्लादेश इसमें पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल हो रहा है। तटरक्षक बल का हेलीकॉटर आईसीजीएस डॉर्नियर भी त्रिपक्षीय अभ्यास 'दोस्ती' में हिस्सा ले रहा है।

श्रीलंका ने कहा कि इसका लक्ष्य सहयोग को बढ़ाना, दोस्ती को मजबूत करना, आपसी संचालन क्षमता में सुधार करना और भारत, श्रीलंका और मालदीव के तटरक्षकों के बीच पारस्परिक संबंध को विकसित करना है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने बृहस्पतिवार की देर शाम भारतीय तटरक्षक बल के अपर महानिदेशक एस.परमेश का गर्मजोशी से स्वागत किया। एमएनडीएफ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, उनके परमेश पहुंचने पर एमएनडीएफ तटरक्षक बल के कमांडेंट कर्नल मोहम्मद सलीम ने उनका स्वागत किया।



**तीनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य अभ्यास**

भारतीय तटरक्षक बल(आईसीजी) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में किया, दोनों आईसीजी जहाजों के कमांडिग अधिकारियों ने कमांडेंट एमएनडीएफ सीजी से मुलाकात की और सहयोगात्मक संबंधों के तरीकों पर चर्चा की। आईसीजी जहाज कई गतिविधियों में शामिल होंगे और श्रीलंका तट रक्षक और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के साथ एक संयुक्त समुद्री अभ्यास में भाग लेंगे।

मालदीव में भारतीय मिशन ने भारत-मालदीव-श्रीलंका त्रिपक्षीय अभ्यास 'दोस्ती' के 16वें संस्करण को 'समुद्री सुरक्षा और परस्पर संबंध बढाने के लिए क्षेत्रीय तालमेल' करार दिया।

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया में पक्षपात का आरोप

**नई दिल्ली (भाषा)।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1)(बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन है। मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है। पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां की, लेकिन जब ट्रंप और ज़ेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एमडी ए. एस. राजीव सतर्कता आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार के स्वामित्व वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) ए. एस. राजीव को सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। बैंक ने एक बयान में कहा, 'सूचित किया जाता है कि वित्तीय सेवा विभाग ने 22 फरवरी, 2024 को बैंक के एमडी एवं सीईओ ए. एस. राजीव को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है।'' घटनाक्रम के मद्देनजर, राजीव को आज (बृहस्पतिवार को) बैंक के पदों से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

### कल्याणी स्टील्स ओडिशा में लगाएगी कारखाना

**भुवनेश्वर।** कल्याणी स्टील लिमिटेड ने शुक्रवार को 11,750 करोड़ रुपये के निवेश से कारखाना लगाने के लिए ओडिशा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने बयान में कहा कि ढेंकनाल जिले के गजमारा में टाइटेनियम धातु, अंतरिक्ष और वाहन कलपुर्जों और उन्नत विशेष इस्पात के विनिर्माण की परियोजना से रोजगार के 10,000 अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस सहयोग से ओड़िशा को उच्च कौशल वाले रोजगार सृजित करने वाले राज्य के के रूप में उभरने का मौका मिलेगा। कल्याणी स्टील्स लिमिटेड के निदेशक अमित कल्याणी ने कहा कि यह परियोजना ओडिशा के साथ कंपनी के दीर्घकालिक संबंधों में एक मील का पत्थर है और पारस्परिक वृद्धि तथा समृद्धि का वादा करती है।

### राजीव मंत्री बंधन बैंक के नए मुख्य वित्त अधिकारी

**कोलकाता।** निजी ऋणदाता बंधन बैंक के निदेशक मंडल ने तत्काल प्रभाव से मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में राजीव मंत्री की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। बैंक ने एक बयान में कहा कि अभिजीत घोष बैंक के वित्त व लेखा प्रभाग के प्रमुख होंगे। साथ ही वरिष्ठ प्रबंधन का भी हिस्सा होंगे। बयान के अनुसार, मंत्री को भारत, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात में बैंकिंग व वित्त क्षेत्र में 25 वर्षो से अधिक का अनुभव है। वह तीन साल तक सिटी इंडिया क्लस्टर के सीएफओ रहे।

### टॉलिन्स टायर्स ने आईपीओ के लिए किया आवेदन

**मुंबई।** टायर उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक केरल स्थित कंपनी टॉलिन्स टायर्स लि. ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 200 करोड़ तक का नया इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 30 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### थिंकिंग पिक्चर्स की बैठक एक मार्च को

**मुंबई।** वैश्विक मनोरंजन उद्योग में अग्रणी मुंबई आधारित कंपनी थिंकिंग पिक्चर्ज़ लि. बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट पर विचार कर रहा है। विनियामक अनुमोदन और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन बोनस शेयरों और स्टॉक विभाजन पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 1 मार्च 2024 को होने जा रही है। बोर्ड मीटिंग में कंपनी प्रति शेयर 3 रुपए तक का लाभांश देने पर भी विचार करेगी। 1 मार्च, 2024 को कंपनी का निदेशक मंडल मौजूदा शेयरधारकों को बोनस इश्यू के अनुपात के साथ-साथ कंपनी के इक्विटी शेयरों के 5 रुपए फेसवैल्यू रुपये के उप-विभाजन पर भी विचार करेगा।

### फ्लिपकार्ट और जियोमार्ट पर बॉबकार्ड के ऑफर

**नई दिल्ली।** बॉबकार्ड लिमिटेड ने फ्लिपकार्ट और जियोमार्ट जैसे भारत के प्रमुख ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध उत्पादों में विशेष ऑफरों की घोषणा की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि आज से 27 फरवरी तक, बॉबकार्ड धारकों को अनूठे रिवॉर्ड्स और छूट का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यहां मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। बॉबकार्ड की इन ऑफरों से बचत और बेहतर मूल्य का वादा मिलता है। उसने कहा कि अब ज्यादा खर्च किए बिना अपने सपनों के गैजेट्स खरीद सकते हैं। 2000 रु. तक की बचत करने के लिए फ्लिपकॉर्ट और जियोमार्ट पर बॉबकार्ड का उपयोग किया जा सकता है।

*(एजेंसियां)*

# भारतीय ड्रोन निर्माता का अमेरिकी बाजार में प्रवेश

**वाशिंगटन (भाषा)।**

भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी आईडियाफोर्ज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंकित मेहता ने कहा कि भारत के ड्रोन उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी ''छलांग लगाई'' है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसमें तेजी आई है। भारतीय ड्रोन निर्माण कंपनी आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में ऐसे समय में प्रवेश कर रही है जब वहां चीन में बने ड्रोन को खरीदने को लेकर अनिच्छा है।



मेहता ने कहा कि भारतीय ड्रोन उद्योग ने '' भारत सरकार के अनुकूल परिवेश के साथ पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है।'' उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से इस क्षेत्र में तेजी आई है। मेहता ने कहा, '' मुझे लगता है कि वैश्विक महामारी से पहले ड्रोन के संबंध में नियम और कानून काफी सख्त थे। इससे पहले वे उपयोग तथा तैनाती के मामले में बहुत अधिक लचीलेपन की अनुमति नहीं देते थे।''

उन्होंने कहा, '' वैश्विक महामारी के बाद से प्रौद्योगिकी को अपनाने का रास्ता खुला... अब लोग यथासंभव अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं।'' मेहता ने कहा, '' इसलिए हम प्रौद्योगिकी को अपनाने की प्रबल इच्छा रखते हैं। हम ऐसा करने के लिए बहुत अधिक नियामक समर्थन देख रहे हैं।'' मेहता देश में विभिन्न प्रकार के ड्रोन निर्यात करने के लिए अमेरिका के विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं।

- मुंबई आईआईटी के समूह ने 2007 में की थी आईडियाफोर्ज की स्थापना
- भारत सरकार की नीतियों के कारण इस उद्योग ने तेजी पकड़ी

बृहस्पतिवार को वह यहां वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आइडियाफोर्ज भारत में प्राप्त अनुभव को अमेरिकी बाजार में अपने साथ ला सकता है। मुंबई आईआईटी के एक समूह ने 2007 में आइडियाफोर्ज की स्थापना की थी।

## *मारुत ड्रोन को धान की सीधी बुवाई उपकरण के लिए पेटेंट मिला*

***नई दिल्ली (भाषा)।*** *तेलंगाना स्थित मारुत ड्रोन को अपने 'मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण' के लिए पेटेंट मिला है। इस ड्रोन की मदद से धान की सीधी बुवाई की जा सकती है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 20 वर्षों के लिए दिया गया दुनिया का पहला जनकेंद्रित पेटेंट है।*

*यह पेटेंट मारुत के सीधे बीज बोने वाले चावल ड्रोन को मान्यता देता है। इसे प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें एक मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण शामिल है। इस पेटेंट के साथ, मारुत ड्रोन जमीनी स्तर पर चावल की खेती के लिए सीधे बीज बोने वाले ड्रोन की सुविधा देगी। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य चावल की खेती को बढावा देने के लिए 2030 तक दस लाख हेक्टेयर भूमि पर बीज बोना है।*

# प्रधानमंत्री 26 को करेंगे वैश्विक कपड़ा प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नई दिल्ली (भाषा)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में भारत के सबसे बड़े कपड़ा कार्यक्रम 'भारत टेक्स' का उद्घाटन करेंगे। कपड़ा मंत्रालय की सचिव रचना शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत टेक्स 22 लाख वर्ग फुट प्रदर्शनी क्षेत्र में फैला होगा। इसमें 100 देशों और 3,000 से अधिक व्यापार खरीदार भागीदारी करेंगे।

उन्होंने कहा, ''ब्रांड इंडिया को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने पेश करने का यह हमारा प्रयास है। यह कपड़ा परिवेश की पूरी ताकत को प्रदर्शित करेगा।'' कपड़ा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 46 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इनमें अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी शामिल है।

शाह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि कपड़ा मंत्रालय क्षेत्र के लिए 10,683 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के प्रतिभागियों के साथ काम कर रहा है और उनकी किसी भी समस्या का समाधान किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय को प्रोत्साहन के संदर्भ में पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने के लिए उद्योग से कुछ सुझाव मिले हैं। अब तक मंजूर हो चुके सात पीएम-मित्र पार्कों में होने वाले निवेश और अनुमानित रोजगार सृजन पर उन्होंने कहा कि अगले 4-6 वर्षों में 70,000 करोड़ रुपये (प्रत्येक पार्क से 10,000 करोड़ रुपये) के निवेश की उम्मीद है। इससे करीब 20 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल सकता है।

- 'भारत टेक्स' में 100 देशों के 3000 से अधिक खरीदार करेंगे भागीदारी
- चार दिवसीय इस मेले में 46 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना
- सात पीएम मित्र पार्कों पर होगा 70 हजार करोड़ का निवेश



# जीएमआर ग्रुप ने किया यूनान के पीएम का गर्मजोशी से स्वागत

**नई दिल्ली।** जीएमआर ग्रुप की सहायक कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. ने यूनान के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। जीएमआर ग्रुप के चेयरमैन जीएम राव, जीएमआर इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स एंड एनर्जी लिमिटेड के बिजनेस चेयरमैन श्रीनिवास बोम्मिडला, जीएमआर समूह के ट्रांसपोटेशन एंड अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर के बिजनेस चेयरमैन बीवीएन राव एवं अन्य विख्यात व्यावसायिक हस्तियों उनका स्वागत करने वालों में शामिल थीं।



जीएमआर ग्रुप के चेयरमैन यूनान के पीएम किरिकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने विदेशी निवेश बढ़ाने के प्रति उल्लेखनीय प्रतिबद्धता दिखाई है। उनकी यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इससे दोनों देशों को भविष्य में एक दूसरे को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.93 डॉलर पर

**मुंबई (भाषा)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के कारण रुपये में गिरावट आई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.87 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के अंत में रुपया 82.93 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट को दर्शाता है। दिन के कारोबार के दौरान रुपये में 82.84 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तथा 82.96 प्रति डॉलर के निम्न स्तर के बीच घट बढ हुई। बृहस्पतिवार को रुपया 82.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## आज एनटीपीसी की लारा तापीय बिजली घर का उद्घाटन करेंगे पीएम

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ में रायगढ़ स्थित एनटीपीसी के 1,600 मेगावाट क्षमता के लारा सुपर ताप बिजली घर का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री दूसरे चरण के तहत 1,600 मेगावाट के एक अन्य संयंत्र की आधारशिला भी रखेंगे। बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयंत्र का चरण-1 लगभग 15,800 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण पहले चरण की उपलब्ध जमीन पर किया जाएगा।

विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन की जरूरत नहीं होगी। दूसरे चरण में 15,530 करोड़ रुपये का निवेश होगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए लारा सुपर ताप बिजली घर के चरण-1 (2x800 मेगावाट) का उद्घाटन करेंगे और चरण-2 (2x800 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे। एनटीपीसी ने एक अन्य बयान में कहा कि राजस्थान के छत्तरगढ में उसकी इकाई एनटीपीसी आरईएल की पहली सौर परियोजना ने 21 फरवरी 2024 को 70 मेगावाट क्षमता के साथ वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 73,958 मेगावाट पहुंच गई है।

# भारत कार्बन कर मुद्दे को यूरोपीय संघ के साथ दृढ़ता से उठाएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत कार्बन कर मुद्दे को यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ 'बेहद' दृढ़ता से उठाएगा और 27 देशों के संघ के साथ मिलकर इसका समाधान निकालेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ भारत मुद्दे को अवसर में बदलने के लिए खुद को तैयार करेगा।



गैर-शुल्क बाधाएं और कार्बन कर जैसे एकतरफा उपाय भारत के लिए चिंता का विषय हैं। देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियमों के तहत स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से इससे निपटेगा। गोयल ने 'रायसीना डायलॉग 2024' में कहा, '' जहां हमें जवाबी कार्रवाई करनी है, हम जवाबी कार्रवाई करेंगे। जहां हमें चर्चा करनी होगी और मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा हम चर्चा करेंगे और उन्हें हल करेंगे और जहां हमें इसे कानूनी तौर पर उठाना होगा वहां हम ऐसा करेंगे।'' उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली) विभिन्न व्यवसायों के लिए चिंता का विषय रहा है।

गोयल ने कहा, ''सीबीएएम एक ऐसी चीज है जिसे हम डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के नियमों के तहत मजबूती से उठाएंगे, हम मुद्दे से यूरोपीय संघ के साथ द्विपक्षीय रूप से निपटेंगे।''आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएएम एक जनवरी 2026 से यूरोपीय संघ में चुनिंदा आयात पर 20-35 प्रतिशत कर में तब्दील हो जाएगा।

भारत के लौह अयस्क छर्रों, लोहा, इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात का 26.6 प्रतिशत यूरोपीय संघ को जाता है। ये उत्पाद सीबीएएम से प्रभावित होंगे। भारत ने 2023 में यूरोपीय संघ को 7.4 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का ये सामान निर्यात किया था। गोयल ने कहा कि भारत इसे ''लाभ की स्थिति में बदल देगा। हमारे पास योजनाएं हैं, (लेकिन) मैं खुलासा नहीं कर सकता... लेकिन मैं भारत के हर एक व्यक्ति को आश्वस्त कर सकता हूं कि प्रधानमंत्री और उनकी टीम यह सुनिश्चित करेगी कि भारतीय कारोबारियों को इससे को कोई परेशानी न हो ....।''

## विकसित भारत के लिए विनिर्माण को जीडीपी के 25 प्रतिशत पर ले जाना होगा : शाह

**नई दिल्ली (वार्ता)।** वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष एवं महिंद्रा ग्रुप के समूह सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने आज कहा कि वर्ष 2047 में 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का एक विकसित भारत बनाने के सपने को पूरा करने के लिए विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 25 प्रतिशत होना चाहिए।

श्री शाह ने एक निजी टेलीविजन नेटवर्क द्वारा आयोजित आइडियास ऑफ इंडिया समिट 3.0 के शुभारंभ के मौके पर अपने संबोधन में कहा '' विकसित भारत के लिए हमें अधिक महत्वाकांक्षी होना चाहिए और विनिर्माण को 16 गुणा तथा निर्यात को 11 गुणा बढ़ाने की जरूरत होगी।''

उन्होंने राष्ट्रीय विकास और आर्थिक समृद्धि को तेजी से बढ़ाने के लिए उद्योगों और उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुये कहा कि अगले 7 वर्षों में, भारतीय जीडीपी वैश्विक जीडीपी में पूरे यूरोपीय संघ के बराबर योगदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय आम बजट में आर्थिक प्राथमिकता को चुना गया है, वित्तीय अनुशासन को अपनाया गया है और पूंजी निवेश को बढ़ाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए बेहतर काम किया है।

# किआ ने 4,358 सेल्टोस गाड़ियां वापस मंगाई

**नई दिल्ली (भाषा)।**

किआ इंडिया इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक को बदलने के लिए अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन सेल्टोस के पेट्रोल संस्करण की 4,358 इकाइयों को वापस मंगा रही है।




दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह 28 फरवरी से 13 जुलाई 2023 के बीच विनिर्मित आईवीटी ट्रांसमिशन के साथ स्मार्टस्ट्रीम जी1.5 पेट्रोल सेल्टोस की इकाइयों को वापस मंगा रही है। बयान में कहा गया कि इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक में खामी की संभावना को देखते वाहनों को वापस मंगाया जा रहा है। यह आशंका है कि यह निर्दिष्ट ट्रांसमिशन संस्करण में इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। कंपनी ने कहा कि उसने वाहन वापस मंगाये जाने की पहल के बारे में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को सूचित कर दिया है।

- कंपनी ने 28 फरवरी से 13 जुलाई 2023 के बीच निर्मित पेट्रोल माडल को वापस मंगाया
- इलेक्ट्रिक पंप नियंत्रक में खामी की आशंका को देखते हुए वाहनों को कंपनी ने वापस मंगाया

बयान के अनुसार, चूंकि कार मालिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए कंपनी प्रभावित इकाइयों में इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक को सक्रियता के साथ बदल रही है। कंपनी वाहन वापसी के बारे में सूचित करने के लिए सीधे संबंधित वाहन मालिकों से खुद संपर्क करेगी। किआ भारतीय बाजार में सेल्टोस, सोनेट और केरेन्स की बिक्री करती है।

## रिजर्व बैंक ने एनपीसीआई से पेटीएम ऐप का परिचालन जारी रखने में मदद करने को कहा

**मुंबई (भाषा)।**

रिजर्व बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से पेटीएम ऐप का यूपीआई परिचालन जारी रखने में मदद करने को कहा है। इसके तहत एनपीसीआई पेटीएम ऐप के यूपीआई परिचालन को जारी रखने के लिए 'थर्ड पार्टी ऐप' प्रदाता बनने की संभावना तलाशेगा। केंद्रीय बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है।

आरबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा संचालित हैंडल का उपयोग करके यूपीआई ग्राहकों को बिना किसी बाधा के डिजिटल भुगतान करने में सक्षम बनाने के लिए एनपीसीआई से 'थर्ड पार्टी ऐप' प्रदाता बनने की संभावना तलाशने को कहा है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड (ओसीएल) ने अनुरोध किया था। आरबीआई ने कहा कि 'ऋपेटीएम' हैंडल को अन्य बैंकों में निर्बाध रूप से स्थानांतरित करने के लिए एनपीसीआई भुगतान सेवा प्रदाता (पीएसपी) के रूप में 4-5 बैंकों का प्रमाणीकरण कर सकता है।

# चालू वित्त वर्ष में 13,000 किमी. तक राजमार्गों के निर्माण की उम्मीद

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को वित्त वर्ष 2023-24 में 12,000 किमी से 13,000 किमी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की उम्मीद है। जबकि लक्ष्य 13,813 किमी का है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही।

मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2019-20 में 10,237 किमी, 2020-21 में 13,327 किमी, 2021-22 में 10,457 किमी और 2022-23 में 10,331 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया।

मंत्रालय ने जनवरी, 2024 के अंत तक 7,685 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूरा कर लिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव अनुराग जैन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम शेष दो महीनों में 4,500-5,000 किमी को लेकर आशान्वित हैं, जिससे हमें चालू वित्त वर्ष में 12,000 से 13,000 किमी के बीच लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। यह दूसरी सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि होगी।''

जैन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में हालांकि अब तक की सबसे अधिक चार-लेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष में 9,500 किमी की क्षमता वृद्धि के साथ अब तक की सबसे अधिक गति या पहुंच नियंत्रित राजमार्ग बनाए जाएंगे, जो एक रिकॉर्ड होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय को मार्च के अंत तक 10,000 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाएं आवंटित करने का भी भरोसा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 2014 में 91,287 किमी से 60 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2023 में 1,46,145 किमी हो गया है। सचिव ने कहा कि चार लेन और उससे ऊपर के राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 2014 में 18,387 किमी से 2.5 गुना बढ़कर नवंबर 2023 में 46,179 किमी हो गई।

# कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण के लिए 6,400 करोड़ रुपये आवंटित

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों के तहत वर्ष 2014-15 से कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण के लिए लगभग 6,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्र ने किसानों को सब्सिडी पर 15 लाख से अधिक मशीनें और उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं।

अधिकारी ने कहा, ''वर्ष 2014-15 से दिसंबर 2023 के दौरान कृषि मशीनीकरण के लिए 6,405.55 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। किसानों को कुल 15,23,650 मशीनें और उपकरण सब्सिडी पर उपलब्ध कराए गए हैं।''

इसके अलावा, किसानों को किराये पर कृषि मशीनें और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 23,018 कस्टम हायरिंग सेंटर, 475 हाई-टेक हब और 20,461 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को भी बड़े पैमाने पर बढावा दे रही है। कृषि में ड्रोन का उपयोग कैसे किया जाए, इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है।

- केन्द्र ने किसानों को 15 लाख से अधिक मशीनें और उपकरण सब्सिडी पर उपलब्ध कराये
- किसानों की मदद को कृषि बुनियादी ढांचा शुरू किया गया

इस तकनीक को किसानों और इस क्षेत्र के अन्य पक्षों के लिए किफायती बनाने के लिए, किसानों के खेतों पर इसके प्रदर्शन के लिए आकस्मिक व्यय के साथ-साथ ड्रोन की 100 प्रतिशत लागत पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अधिकारी ने कहा, ''अब तक किसान ड्रोन को बढावा देने के लिए 141.41 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।'' इसके अलावा, सरकार ने हाल ही में 1,261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने के लिए एक योजना को मंजूरी दी है।

इस योजना का लक्ष्य कृषि उद्देश्यों (उर्वरकों और कीटनाशकों के अनुप्रयोग) के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 14,500 चयनित महिला स्वयं सहायता समूह को ड्रोन प्रदान करना है।

अधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत, ड्रोन की खरीद के लिए महिला एसएचजी को ड्रोन की लागत का 80 प्रतिशत और सहायक उपकरण/सहायक शुल्क पर अधिकतम आठ लाख रुपये तक केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

कृषि बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा जुटाने के लिए, वर्ष 2020 में एक लाख करोड़ रुपये का कृषि बुनियादी ढांचा कोष (एआईएफ) शुरू किया गया था।

इस वित्तपोषण सुविधा के तहत सभी ऋणों पर दो करोड़ रुपये की सीमा तक प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट है।

अधिकारी ने कहा, ''अब तक, एआईएफ के तहत 51,694 परियोजनाओं के लिए 37,099 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें से 27,782 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत राशि योजना के लाभों के तहत कवर की गई है। इन स्वीकृत परियोजनाओं ने कृषि क्षेत्र में 62,653 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है।''

अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने फसल उत्पादकता को बढावा देने के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान दिया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उनकी मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है, साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य और इसकी उत्पादकता में सुधार के लिए लागू किए जाने वाले पोषक तत्वों की उचित खुराक पर सिफारिशें भी प्रदान करता है।

# रोमांचक मैच में मुंबई को मिली आखिरी गेंद पर जीत




## डब्ल्यूपीएल के पहले मैच में दिल्ली की चार विकेट से हार

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग 2024 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 171 रन बनाए थे इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम हरमनप्रीत कौर और यास्तिका भाटिया की अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने आखिरी गेंद पर मैच अपने नाम किया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 171 रन बनाए हैं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही। यहां मुम्बंई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने तीसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा एक रन का विकेट गंवा दिया। 11वें ओवर में कप्तान मेग लानिंग 31रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद ऐलिस कैप्सी और जेमिमाह रॉड्रिग्स की जोड़ी ने दिल्ली की पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 74 रन जोड़े। ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्कों की मदद से 75रनों की पारी खेली। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 24 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से नैट साइवर-ब्रंट और एमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिये।

# डब्ल्यूपीएल ओपनिंग सेरेमनी में जमकर थिरके शाहरुख, कार्तिक, टाइगर और वरुण धवन

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच भव्य आगाज

**बेंगलुरु।** विमेंस प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल के सीजन-2 की ओपनिंग सेरेमनी में शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार्स ने शानदार परफॉर्मेंस दी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में करीब 45 मिनट चली सेरेमनी में शाहरुख खान, टाइगर श्रॉफ, शाहिद कपूर, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कार्तिक आर्यन जैसे एक्टर्स ने परफॉर्म किया। सेरेमनी की शुरुआत कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया फिल्म के सॉन्ग तेरी आंखें भूल-भुलैया पर डांस करके की। उनके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शेरशाह के गाने राता लंबिया पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। स्टार टाइगर श्रॉफ ने डांस किया। उन्होंने मेरे नाल तू व्हिसल बजा सॉन्ग पर धमाकेदार परफॉमेंस दी। फिर वरुण धवन और शाहिद कपूर ने भी डांस किया। शाहिद ने सुपरबाइक से मंच पर एंट्री ली। इन सभी के बाद बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की एंट्री हुई। उन्होंने झूमे जो पठान पर डांस करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाहरुख जैसे ही मंच पर आए स्टेडियम तालियों और सीटियों से गूंज उठा। शाहरुख ने नमस्कार से शुरुआत की और टीम के कप्तानों को स्टेज पर बुलाया।



चौथा टेस्ट पहला दिन : डेब्यू टेस्ट में चमके आकाश दीप, झटके तीन विकेट

# रूट के शतक से इंग्लैंड 300 पार

**रांची।** मध्यमक्रम के बल्लेबाज जो रूट की 106 रनों की शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 307 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 47 रन जोड़े। टेस्ट में पदार्पण करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 10वें ओवर में बेन डकेट 11 रन को जुरेल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद उन्होंने ओली पोप को शून्य पर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया।

आकाश ने 12वें ओवर में जैक क्रॉली 42 रन को बोल्ड आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। आर अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो 38 रन को पगबाधा आउट किया। वहीं जडेजा ने कप्तान बेन स्टोक्स को तीन रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 112 रन बना लिये थे। लंच तक ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड शायद दो सत्र भी नहीं खेल पाएगा। लेकिन जो रूट ने फोक्स, हार्टली और रॉबिंसन के साथ साझेदारी करते हुए इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। जो रूट 226 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद 106 रन बनाये। बेन फोक्स 47 रन और टॉम हार्टली 13 रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने पर जो रूट नाबाद 106 और ऑली रॉबिंसन नाबाद 31 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। दोनों के बीच आठवें विकेट के लिए अब तक 62 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारत की ओर से पहले सत्र में आकाश दीप ने तीन विकेट लिये। मोहम्द सिराज को दो विकेट मिले। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली बोल्ड आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट कै. जुरेल बो. आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ऑली पोप पगबाधा आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा जाडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स कैच जाडेजा बोल्ड सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बोल्ड सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ऑली रॉबिंसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 90 ओवर मे सात विकेट 302 रन, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, रवींद्र जडेजा 27-7-55-1, रवि अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 10-3-21-0, यशस्वी जयसवाल 1-0-6-0,



### आकाश दीप ने झटके तीन विकेट

भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के चौथे मुकाबले में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने डेब्यू किया। उन्होंने तीन विकेट हासिल किए। आकाश ने बेन डकेट 11 रन ओली पोप 0 और जैक क्राउली 42 रन को पवेलियन भेजा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद उन्होंने बताया कि मैं घबराया हुआ नहीं था, मैंने अपने कोचों से बात की थी, इसलिए मैं खेल से पहले तनावग्रस्त नहीं था। मुझे नहीं पता कि यह कैसे हुआए लेकिन मैं हर गेम को अपना आखिरी गेम मानता था और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता था।

### रूट का तीसरा सबसे धीमा शतक

रूट ने रांची में भारत के खिलाफ 219 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। यह टेस्ट इतिहास में उनका तीसरा सबसे धीमा शतक है। रूट ने 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में 259 गेंद पर शतक लगाया था। वहीं, 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 247 गेंद पर सैकड़ा पूरा किया था।

### जो रूट भारत के खिलाफ टेस्ट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज, स्मिथ को पछाड़ा

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने आखिरकार भारत के मौजूदा दौरे पर एक शतक लगा दिया है। रूट ने शुक्रवार को इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाया। वह इस सीरीज में खराब फॉर्म में चल रहे थे। इससे पहले तीन मैचों की चार पारियों में 77 रन ही बना पाए थे। अब उन्होंने अपने खराब दौर को पीछे छोड़ते करियर का 31वां शतक लगाया है। रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट में 10वां शतक लगाया है। वह टीम इंडिया के खिलाफ क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। इस मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया। स्मिथ ने 37 पारियों में नौ शतक लगाए हैं। रूट के 52 पारियों में 10 शतक हो गए।

### 14 पारियों बाद टेस्ट में रूट का शतक

जो रूट ने 14 पारियों के बाद टेस्ट में इंग्लैंड के लिए शतक लगाया है। उन्होंने पिछला शतक जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बर्मिंघम में लगाया था। तब उन्होंने पहली पारी में नाबाद 118 रन बनाए थे। वहीं, भारत के खिलाफ उन्होंने पिछला शतक जुलाई 2022 में लगाया था। तब रूट ने बर्मिंघम टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 142 रन बनाए थे। इसके अलावा भारतीय जमीन पर उनके पिछले शतक की बात करें तो फरवरी 2021 में उन्होंने चेन्नई के एम. चिदंबरम स्टेडियम में टेस्ट की पहली पारी में 218 रन बनाए थे।

### इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने अश्विन

इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच के दौरान भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। अश्विन इंग्लैंड की पहली पारी में जॉनी बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इस विकेट के साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया। अश्विन ने टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 100वां विकेट लिया। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए। इसी के साथ अश्विन किसी एक टीम के खिलाफ टेस्ट में 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट हासिल करने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज गिफेन ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के मोनी नोबल ने इंग्लैंड, इंग्लैंड के विलफ्रेड रोड्स ने ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज के गारफील्ड सोबर्स ने इंग्लैंड, इंग्लैंड के इयान बॉथम ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफऐसा किया है। अश्विन ने 23 मैच में ही इंग्लैंड के खिलाफ के खिलाफ 1000 रन और 100 विकेट का डबल पूरा कर लिया। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ इयान बॉथम हैं। बॉथम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 मैचों में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 72 रनों से हराया

## ट्रैविस हेड की तूफानी पारी के बाद जम्पा ने लिए चार विकेट

**ऑकलैंड।** ट्रैविस हेड के तूफानी 45 रन रनों की पारी और उसके बाद एडम जम्पा चार विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दूसरे टी-20 मुकाबले न्यूजीलैंड को 72 रनों से हरा दिया है। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन ऐलन छह रन का विकेट गंवा दिया। चौथे ओवर में विल यंग भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान मिचेल सैंटनर भी सात रन बनाकर आउट हुये।

न्यूजीलैंड की ओर ग्लेन फिलिप्स ने 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 42 रन की पारी खेली। मार्क चैपमैन दो रन, जॉश क्लार्कसन 10 रन, ऐडम मिल्न शून्य, ट्रेंट बोल्ट 16 रन, लॉकी फर्ग्युसन चार रन बनाकर आउट हुये। बेन सीयर्स दो रन बनाकर नाबाद रहे तथा डेवन कॉन्वे चोट के कारण खेलने नहीं आये। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। इस मैच में न्यूजीलैंड के पांच बल्लेबाज बोल्ड आउट हुये। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। नेथन एलिस को दो विकेट मिले। जॉश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ की जोड़ी ने पहले विकेट लिये 32 रन जोड़े।



## निजी कारणों से भारत दौरा छोड़कर स्वदेश लौटे रेहान अहमद

**रांची।** इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद को पारिवारिक कारणों से भारत का दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने बयान में कहा है कि रेहान सीरीज में वापस नहीं आएंगे और इंग्लैंड की टीम में किसी तरह का बदलाव भी नहीं किया जाएगा। 19 वर्षीय रेहान ने भारत के खिलाफ तीनों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया। तीन टेस्ट में रेहान ने 44 की औसत से कुल ग्यारह विकेट झटके। इसमें विशाखापटनम में 153 रन देकर लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। वह रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में वह इंग्लैंड की एकादश का हिस्सा नहीं थे। इंग्लैंड की रांच टेस्ट के लिये टीम की घोषणा होने के बाद रेहान के स्वदेश वापसी की स्थिति आयी। रेहान गुरुवार को इंग्लैंड के अंतिम अभ्यास सत्र में भी शामिल थे।

# आईपीएल के पहले चरण में पंत नहीं करेंगे विकेटकीपिंग

## दिल्ली कैपिटल के सह मालिक पार्थ जिंदल ने की पुष्टि



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल के पहले चरण में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। दिल्ली की फ्रैंचाइजी के सह मालिक पार्थ जिंदल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि पंत आईपीएल के पहले चरण में सिर्फ कप्तान करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज अनरिख नॉर्खिए दिल्ली के पहले मैच तक फिट हो जाएंगे। दिल्ली को अपना पहला मैच 23 मार्च को पंजाब किंग्स के साथ खेलना है। जिंदल ने कहा कि टीम के डायरेक्टर सौरव गांगुली और कोच रिकी पोंटिंग का थिंक टैंक पंत की वापसी को लेकर आश्वस्त है। हालांकि बीसीसीआई से अनुमति मिलनी शेष है। जिंदल ने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं, उन्होंने रन दौड़ना भी शुरु कर दिया है। वह आईपीएल के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। मैं पंत के खेलने की उम्मीद कर रहा हूं और वह पहले मैच से टीम की अगुवाई करेंगे। उन्होंने विकेटकीपिंग करना भी शुरू किया है, लेकिन पहले सात मैचों में वह सिर्फ बल्लेबाजी करेंगे। हमें देखना होगा कि उनका बॉडी मैच के बाद कैसे रिस्पांड कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पंत ने इसी सप्ताह एनसीए और बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में अलूर में अभ्यास मैच खेला था। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया था। जिसमें वह विकेटकीपिंग के साथ अभ्यास भी करते हुए नजर आ रहे थे।

# ईशान-अय्यर को भारी पड़ेगी रणजी ट्रॉफी से दूरी

## सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारत के दो खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और ईशान किशन इन दिनों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई के निशाने पर हैं। दोनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग कारणों से रणजी ट्रॉफी से दूरी बनाए रखी है। ईशान कथित तौर पर आईपीएल के सीजन से पहले अपनी तकनीक पर काम कर रहे हैं। वहीं, अय्यर पीठ की मामूली ऐंठन की समस्या से जूझ रहे हैं।

हालांकि, ऐसा लग रहा है कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी दोनों से पूरी तरह खुश नहीं हैं। बीसीसीआई अय्यर और किशन के खिलाफ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि दोनों को नई केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर करने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अय्यर और किशन दोनों को 2023-24 सीजन के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से हटा दिया जाएगा। इस फैसले के पीछे कथित तौर पर एक कारण बोर्ड के आग्रह के बावजूद घरेलू क्रिकेट से उनकी अनुपस्थिति है। अजीत अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ताओं ने 2023-24 सीजन के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। इसकी घोषणा बीसीसीआई जल्द ही करेगा। बीसीसीआई के बार-बार कहने पर भी घरेलू क्रिकेट से दूर रहना दोनों खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। 2022-23 के केंद्रीय अनुबंध में ईशान किशन को सी श्रेणी में रखा गया था, जबकि श्रेयस अय्यर बी में थे। किशन एक करोड़ और अय्यर को तीन करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछ्ले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर ईशान भारतीय टीम के साथ गए थे।

# एनसीसीसीए ने जीता खिताब



**भोपाल।** बीडीसीए द्वारा आयोजित स्व-हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में एनसीसीसीए ने एमसीसी सीनियर्स को तीन विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसीए सीनियर्स ने शिवांश चतुर्वेदी के 42 रन, प्रारब्ध मिश्रा के 27, लवीन के 26 रन की बदौलत 48 ओवर में 153 रन बनाए। एनसीसीसी ए की तरफ से शुभम झावा ने 28 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसीसी ए की टीम की टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 42 ओवर मे 7 विकेट खोकर 137 रन बना लिए थे। एनसीसीसी ए की तरफ से मुदित भार्गव ने 28, प्रखर ने 21 रन का योगदान दिया। दूसरे दिन का खेल शुरू होने पर मीत त्रिपाठी नाबाद 29 रन और अविनाश नाबाद 16 रन बना कर खिताब अपनी टीम के नाम किया। एमसीसीए सीनियर्स की तरफ से शिवांश ने 3 विकेट लिए। एनसीसीसी ए ने यह मुकाबला 3 विकेट से जीत लिया। पुरस्कार वितरण बीडीसीए चेयरमैन सैयद साजिद अली, सेण्ट माइकल अकादमी के संचालक अबान शकील व बीडीसीए के सचिव शान्ति कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर हेमंत कुमार सूदन, राकेश सिंह बिष्ट, अंकित शर्मा, अतुल खरे, अमित शुक्ला, मनीष शुक्ला, भुवन शुक्ला, केडी गुप्ता, सुरेश खड़से, गुफरान अहमद आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता मैन ऑफ द मैच फाइनल शुभम् झाबा एनसीसीसी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कनिष्क दुबे अंकुर क्रिकेट अकादमीद्ध,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शुभम झावा एनसीसीसी, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेण्ट शिवांश चतुर्वेदी एमसीसीए रहे।

# अच्छी शुरुआत के बाद लड़खड़ाई मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी

## पहले दिन 9 विकेट पर 234 रन बनाए

**इंदौर।** शुक्रवार से शुरू हुए पांच दिनी रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने आंध्रप्रदेश के खिलाफ अच्छी शुरुआत की, लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और दिन का खेल खत्म होने तक 81 ओवर में 9 विकेट पर 234 रन बनाए थे। होलकर स्टेडियम पर खेले जा रहे इस मुकाबले में मप्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले विकेट के लिए हिमांशु मुंत्री और यश दुबे ने 123 रनों की शतकीय साझेदारी की और टीम को अच्छी शुरुआत दी। लेकिन हिमांशु मंत्री (49) का विकेट खोने के बाद मप्र के बल्लेबाज %यादा देर विकेट पर नहीं टिक सके और लगातार विकेट गिरते रहे। हिमांशु मंत्री ने 64 रनों की उम्दा अर्धशतकीय पारी खेली। मप्र के लिए यही एक मात्र अर्धशतक लगा। इसके बाद हर्ष गवली 17, कप्तान शुभम शर्मा 6, वेंकटेश अय्यर 1, सुमित कुशवाह 1, अनुभव अग्रवाल 0, कुमार कार्तिकेय 29, आवेश खान 7 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने तक सारांश जैन 41 और कुलवंत खेजरोलिया 1 रन बनाकर नाबाद थे। आंध्र के लिए केवी शशिकांत ने 4 तथा नितीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट अपने नाम किए। एक विकेट गिरिनाथ रेड्डी को मिला।

# अन्ना कलिंस्काया ने कोको गॉफ को हराया

**दुबई।** रूस की अन्ना कलिंस्काया दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के महिला एकल मुकाबले में उलटफेर करते हुए अमेरिका की कोको गॉफ को 2-6, 6-4, 6-2 हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गॉफ ने कलिंस्काया पर पहले सेट 2-6 से जीता। लेकिन उसके बाद कलिंस्काया ने बेहरीन खेल का मुजाहिरा करते हुए अगले दो सेट 6-4, 6-2 से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया का सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्विटेक से होगा। उन्होंने चीन की किन्वेन झेंग को 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। कलिंस्काया ने उलटफेर के बाद कोर्ट पर कहा, मैं यहां अपने खेल से बहुत खुश हूं। वह एक महान खिलाड़ी है, एक महान फाइटर है। उन्होंने कहा, मैं आखिरी तक तनाव महसूस कर रही थी इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेलने और आक्रामक बने रहने का प्रयास किया। उन्होंने स्वियाटेक के साथ मुकाबले को लेकर कहा, मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने एकल में उसके खिलाफ कभी नहीं खेला है। मैं निश्चित रूप से इस मुकाबले का इंतजार कर रही हूं।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**भोपाल।** 4जी खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 का आयोजन असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैण्ड एवं त्रिपुरा में 17 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 03 पदक अर्जित किये हैं।मप्र राज्य आर्चरी अकादमी के खिलाड़ी चिराग विद्यार्थी ने 50मी कम्पाउण्ड इवेन्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुये 142 अंक प्राप्त कर 01 स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चिराग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सावित्री बाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे के आदित्य ने रजत और चण्डीगढ यूनिवर्सिटी मोहाली के हरप्रीत सिंह मान ने कांस्य पदक अर्जित किया।मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी के कुश्ती खिलाड़ी उदित पटेल ने 60 किग्रा ग्रीको रोमन इवेन्ट में खेल प्रदर्शन का अच्छा प्रदर्शन कर 01 रजत पदक अर्जित किया। जी के यू के मोहित नरवाल ने स्वर्ण और एनआईआईएलएमयू के कपिल दलाल ने कांस्य पदक अर्जित किया।वहीं, इन्दौर के श्रवण कौशिक ने 57 किग्रा ग्रीको रोमन इवेंट में 01 रजत पदक अर्जित किया। एसयू के अमोल बहादुर बोंगर्दे ने स्वर्ण और सीबीएलयू के सतीश ने कांस्य पदक अर्जित किया। उदित मध्यांचल प्रोफशनल विश्वविद्यालय भोपाल और श्रवण देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय इन्दौर का प्रतिनिधित्व कर रहे है। खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता ने बधाई दी है।



# हाइपोग्लाइसीमिया और उसके उपचार

**हाइपोग्लाइसीमिया** एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपके रक्त शर्करा (ग्लूकोज) का स्तर मानक सीमा से कम होता है।

हाइपोग्लाइसीमिया के लिए तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। कई लोगों के लिए, 70 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर (मिलीग्राम / डीएल), या 3.9 मिलीमोल प्रति लीटर (एमएमओएल / एल), या उससे नीचे का उपवास रक्त शर्करा हाइपोग्लाइसीमिया के लिए एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए।

**लक्षण**

यदि रक्त शर्करा का स्तर बहुत कम हो जाता है, तो हाइपोग्लाइसीमिया के लक्षण और लक्षण शामिल हो सकते हैं-



डॉ. अशोक झिंगन

-पीला दिखना
-अस्थिरता
-पसीना आना
-सिरदर्द
-भूख या मतली
-अनियमित या तेज दिल की धड़कन
-थकान
-चिड़चिड़ापन या चिंता
-मुश्किल से ध्यान दे
-चक्कर आना या चक्कर आना
-होठों में झुनझुनी या सुन्नता

**कारण**

हाइपोग्लाइसीमिया तब होता है जब आपके रक्त शर्करा (ग्लूकोज) का स्तर शारीरिक कार्यों को जारी रखने के लिए बहुत कम हो जाता है। ऐसा होने के कई कारण हैं।

**संभावित कारण**

मधुमेह रहित लोगों में हाइपोग्लाइसीमिया बहुत कम आम है।

**कारणों में शामिल हो सकते हैं-**

**औषधियां।** गलती से किसी और की मौखिक मधुमेह दवा लेना हाइपोग्लाइसीमिया का एक संभावित कारण है। अन्य दवाएं हाइपोग्लाइसीमिया का कारण बन सकती हैं, खासकर बच्चों में या गुर्दे की विफलता वाले लोगों में।

**अत्यधिक शराब पीना** बिना कुछ खाए भारी मात्रा में शराब पीने से लीवर अपने ग्लाइकोजन भंडार से ग्लूकोज को रक्तप्रवाह में जारी करने से रोक सकता है। इससे हाइपोग्लाइसीमिया हो सकता है।

**कुछ गंभीर बीमारियां** गंभीर जिगर की बीमारियां जैसे गंभीर हेपेटाइटिस या सिरोसिस, गंभीर संक्रमण, गुर्दे की बीमारी और उन्नत हृदय रोग हाइपोग्लाइसीमिया का कारण बन सकते हैं। किडनी संबंधी विकार भी आपके शरीर को दवाओं को ठीक से उत्सर्जित करने से रोक सकते हैं। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने वाली दवाओं के निर्माण के कारण ग्लूकोज के स्तर को प्रभावित कर सकता है।

# कई औषधीय गुणों का खजाना है हरा धनिया



हरा धनिया अपने आप में औषधीय गुणों का एक खजाना है। इसका उपयोग हम खाने के लगभग सभी नमकीन चीजों में करते हैं। ये खाने के स्वाद को दोगुना बढ़ाने में मदद करता है। इतना ही नहीं धनिया, इमली, हरी मिर्ची और लहसुन से बनने वाली इसकी चटनी का स्वाद इतना लाजवाब होता है कि सोचकर ही मुंह में पानी आ जाता है।

सब्जियों को गार्निश करना हो,पराठे बनाने हो, दाल फ्राई करना हो या फिर भर्ता ही क्यों न बनाना हो, हर डिश में धनिया अपना कमाल दिखा जाता है। शायद ही कोई होगा जिसे धनिया का स्वाद अच्छा न लगता हो। स्वाद तो स्वाद इसकी तो महक भी मूड फ्रेश कर देती है। आइए जानते हैं हरा धनिया खाने के फायदे।

**धनिया पत्तियों से होने वाले फायदे-**

पाचन संबंधित समस्याओं को दूर करता है, जैसे- पेट दर्द में राहत और भूख न लगने पर भूख बढ़ाता है।
-रूखी त्वचा, एक्जिमा आदि में फायदेमंद होता है।
-एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर हरा धनिया, बॉडी डिटॉक्स करने में मदद करता है।
-एनर्जी लेवल बढ़ाता है।
-ब्लड प्यूरिफिकेशन में मदद करता है।
-वजन कम करने में कारगर साबित होता है।
-जोड़ों के दर्द और सूजन से राहत दिलाने में मददगार होता है।
-इम्यून सिस्टम मजबूत बनाता है।
-हार्ट हेल्थ मजबूत बनाता है।
थाइरॉइड कंट्रोल करने में मदद करता है।

# फेफड़ों के साथ आंखों को भी बर्बाद करती है स्मोकिंग

**स्मोकिंग** हमारी सेहत के लिए काफी हानिकारक होता है। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स भी लोगों को धूम्रपान न करने की सलाह देते हैं। लंबे समय से धूम्रपान रेस्पिरेटरी और हृदय स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभावों के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि धूम्रपान से आंखों का स्वास्थ्य पर प्रभावित होता है। धूम्रपान की वजह से आंखों पर होने वाला प्रभाव चिंता का विषय है।





अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो स्मोकिंग करने के आदी हैं, तो यह इसे जल्द से जल्द छोड़ने का एक और कारण है। वैसे तो धूम्रपान छोड़ना आपके पूरे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन सेहत के साथ ही यह आंखों पर भी बुरा प्रभाव डालता है, जिसके बारे में आपको जानना जरूरी है। अगर आप भी स्मोकिंग करते हैं, जो आज हम आपको बताएंगे इससे आंखो पर होने वाले कुछ हानिकारक प्रभावों के बारे में-

**मैक्यूलर डिजनरेशन**

अगर आप धूम्रपान करने के आदी हैं, तो इससे मैक्यूलर डिजनरेशन का खतरा काफी बढ़ जाता है। उम्र से संबंधित मैक्यूलर डिजनरेशन बुजुर्गों में होने वाले विजन लॉस का एक प्रमुख कारण है। यह बीमारी धीरे-धीरे विजन को खराब कर देती है, जिससे व्यक्ति की पढ़ने, गाड़ी चलाने और चेहरे पहचानने की क्षमता कम हो जाती है।

**मोतियाबिंद**

तंबाकू के इस्तेमाल से मोतियाबिंद विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। यह एक ऐसी स्थिति जिसकी वजह से आंख के प्राकृतिक लेंस में धुंधलापन आ जाता है। धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति की तुलना में धूम्रपान करने वाले व्यक्ति में मोतियाबिंद विकसित होने की संभावना दो से तीन गुना ज्यादा होती है। मोतियाबिंद न सिर्फ दृष्टि को धुंधला कर देता है, बल्कि विपरीत संवेदनशीलता को भी कम कर देता है, जिससे कम रोशनी की स्थिति में वस्तुओं को पहचानना कठिन हो जाता है।

**सेकंड-हैंड स्मोक**

धूम्रपान करने से सिर्फ स्मोकिंग करने वालों को ही नहीं, बल्कि उनके आसपास मौजूद लोगों की भी नुकसान होता है। धूम्रपान की वजह से होने वाले धुएं की वजह से आसपास मौजूद लोग सेकंड-हैंड स्मोकिंग का शिकार हो जाते हैं, तो उनके लिए हानिकारक हो सकता है।

सेकंड हैंड धुएं में सांस लेने से सिर्फ सेहत ही नहीं, आंखों से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसमें ड्राई आई सिंड्रोम से लेकर ऑप्टिक नर्व डैमेज जैसी गंभीर स्थितियां शामिल हैं।

खासतौर पर बच्चे सेकंड हैंड स्मोक के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं, जिसके संपर्क में आने से उनमें मायोपिया (दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना) और आगे के जीवन में अन्य विजन संबंधी समस्याओं के विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है।

**धूम्रपान से होने वाले अन्य नुकसान**

धूम्रपान न सिर्फ कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है, बल्कि यह मौजूदा स्वास्थ्य स्थितियों को भी बढ़ा देता है।

डायबिटीज वाले व्यक्तियों के लिए, धूम्रपान से विजन लॉस होने की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में धूम्रपान छोड़ने से, डायबिटिज से पीड़ित लोग अपनी स्थिति को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं और आंखों से जुड़ी जटिलताओं के जोखिम को कम कर सकते हैं।



## क्या आप जानते हैं?

# 24 फरवरी का इतिहास

-उत्तर और दक्षिण यमन के बीच 1979 में युद्ध शुरू।
-1984 में इराक के ईरान पर हवाई हमले शुरू।
-टेक्सास एयर पूर्वी एयरलाइंस को 1986 में 676 मिलियन डॉलर में खरीदा है।
-मेग मॉलोन ने 1996 में एलपीजीए कप ओ 'नूडल्स हवाईयन लेडीज गोल्फ ओपन जीता।
-19 फरवरी 1997 को चीन के नेता देन्ग जियाओपिंग का निधन हुआ उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को किया गया।
-दक्षिण अफ्रीका ने 1997 में घोषणा की यह सबसे बड़ा आधुनिक दिन ब्लींप का निर्माण कर रहा है।
-चीन के जिजियांग प्रान्त में 2003 में हुए भीषण भूकम्प से 257 मरे।
-रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने 2004 में प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया।
-फिदेल कास्त्रो ने 2008 में क्यूबा के राष्ट्रपति के रूप में इस्तीफा दे दिया।
-यमन के राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह ने 2011 में देश के सुरक्षा बलों को प्रदर्शनकारियों की रक्षा करने का आदेश दिया।
-राउल कास्त्रो को 2013 में दूसरे कार्यकाल के लिये क्यूबा का राष्ट्रपति चुना गया।
-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में कीस्टोन एक्सएल प्रोजेक्ट का समर्थन किया।

# इस तरह बनाएं अपने बालों को घना और मजबूत

**बढ़ते** पॉल्यूशन और खराब लाइफस्टाइल के चलते बाल खराब हो जाते हैं, ऐसे में समय की कमी के कारण कई लोग इसकी देखभाल नहीं कर पाते हैं। इससे बालों पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में बालों का ख्याल रखना जरूरी है, नहीं तो बाल झड़ने लगेंगे। आइए जानते हैं बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घना और मजबूत ऐसे बनाएं**

**दही**- दही खाने के लिहाज से अच्छा माना जाता है। अगर आप दही में थोड़ा सा नमक या चीनी मिलाकर खाने के साथ खाएंगे तो इसका साफ असर आपके बालों पर दिखाई देगा, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें कि दही फ्रिज में नहीं होना चाहिए। मजबूत बालों के लिए प्रतिदिन 75 – 90 ग्राम दही का सेवन करें।

**काली किशमिश**- काली किशमिश आयरन से भरपूर होती है। इसे भिगोकर खाने से कई फायदे मिलते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बालों को घना और मजबूत बनाते हैं। रोजाना कम से कम 7 से 8 किशमिश का सेवन करने से बाल लंबे और घने हो जाते हैं।

**हरी मूंग**- हरी मूंग दाल में बहुत सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसे प्रोटीन का भी बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है। अगर आप रोजाना 2 से 3 चम्मच अंकुरित हरी मूंग का सेवन करते हैं तो इसमें मौजूद विटामिन-बी आपके बालों को घना बना सकता है।

**तिल के बीज**- तिल में उच्च मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जिसे खाने से बाल घने होते हैं। रोजाना 1 चम्मच भुने हुए तिल खाना सेहत और बालों के लिए फायदेमंद होता है।

**हलीम के बीज**- मजबूत और घने बालों के लिए हलीम के बीज यानी एलिव सीड्स बहुत फायदेमंद होते हैं। हलीम के बीजों को दूध में मिलाकर पीने से आयरन और मिनरल्स की कमी दूर हो जाती है। इससे बालों को बहुत फायदा होता है।

# एरोबिक एक्सरसाइज से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

**एक्सरसाइज** करने से आपका शरीर मजबूत और सुडौल होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अगर आप एरोबिक एक्सरसाइज करते हैं तो इससे सिर्फ आपका वजन ही कम नहीं होगा बल्कि इसे करने से आपको सेहत से से जुड़े कई फायदे होंगे। हर एक्सरसाइज का अपना असर होता है। इसलिए अगर आप वजन कम करने का बेस्ट तरीका ढूंढ रहे हैं या दिल को मजबूत करना चाहते हैं, तो एरोबिक एक्सरसाइज करें। एरोबिक एक्सरसाइज आपके ब्लड को पम्प करती है इसे एक्सरसाइज़ को कार्डियोवैस्कुलर गतिविधि के रूप में भी जाना जाता है। एक्सपर्ट की माने तो हफ्ते में कम से कम 150 मिनट एरोबिक एक्सरसाइज करना चाहिए। जैसे- तेज चलना या तैरना मध्यम गतिविधि के उदाहरण हैं। दौड़ना या साइकिल चलाना जोरदार गतिविधि के उदाहरण हैं। चलिए बताते हैं किन एक्सरसाइज़ को एरोबिक कहा जाता है? साथ ही उन्हें करने से आपकी सेहत को क्या फायदा होगा।

**ये हैं एरोबिक एक्सरसाइज**

-ब्रिस्क वॉक
-तैरना
-सफाई या बागवानी
-दौड़ना
-साइकिल चलाना
-फुटबॉल खेलना

**एरोबिक एक्सरसाइज से ये बीमारियां होती हैं कंट्रोल**




**ब्लड शुगर**- डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल को लगातार मैनेज करने की जरूरत होती है। व्यायाम एक प्रभावी तरीका है जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, लेकिन ब्लड शुगर में अचानक गिरावट से बचने के लिए आपको अपनी दिनचर्या में कार्डियो को शामिल करने से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।

**दिल के लिए फायदेमंद** -एरोबिक एक्सरसाइज आपके दिल के ब्लड को पम्प करने में मदद करता है। जिससे आपके दिल की सेहत में सुधार आता है। एक्सपर्ट्स भी एरोबिक एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल, हैं ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करता है।

**अस्थमा करे कंट्रोल**- एरोबिक एक्सरसाइज़ अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिन , अगर आपको अस्थमा है तो इस एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

**पुराने दर्द को करता है कम**-एरोबिक व्यायाम आपकी मांसपेशियों को गति देता है। एरोबिक व्यायाम बेहतर मांसपेशी समारोह और धीरज के साथ मदद कर सकता है। यह मांसपेशियों पर कम तनाव के कारण वजन घटाने में भी मदद कर सकता है। अगर आपके शरीर में पुराना दर्द है तो एरोबिक्स से इसको काफी तक कंट्रोल में रखा जा सकता है।

**इम्यूनिटी बनाएं मजबूत**-एरोबिक व्यायाम करने से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।



# पीते हैं तांबे के बर्तन में पानी तो बरतें ये सावधानी

**भारत** में सदियों से तांबे के बर्तनों का प्रयोग हो रहा है। तांबे के बर्तनों में बना खाना हो या फिर इसके बर्तन में रखा पानी, सभी के अनेक फायदे हैं। आज के समय में तांबे के जग और लोटे की जगह लोग कांच और स्टील के बने बर्तनों का उपयोग करने लगे हैं लेकिन आज भी कई घरों में तांबे के बर्तन में पानी रखा जाता है। डॉक्टर भी तांबे के बर्तन में रखे पानी को फायदेमंद बताते हैं। इस पानी से इम्यूनिटी अच्छी होती है और पाचन क्रिया भी मजबूत होती है। लेकिन अगर आप तांबे के बर्तन में रखे पानी के साथ कुछ गलतियां कर देते हैं तो ये पानी फायदे की जगह शरीर के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

**न करें ये गलतियां**

अगर हो सके तो दिनभर तांबे के बर्तन में पानी न पियें। दरअसल, दिनभर तांबे की बोतल में रखा पानी पीने से शरीर में कॉपर की मात्रा बढ़ती है। जिस वजह से चक्कर आना, पेट दर्द और किडनी के फेल जैसे गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

तांबे के बर्तन में भूलकर भी पानी में नींबू और शहद न मिलाएं। नींबू शहद मिलाने के बाद ये पानी जहर बन जाता है जो आपकी सेहत के लिए बेहद हानिकारक है।

तांबे के बर्तन में पानी में नींबू मिलाकर पीने से आपको पेट दर्द, गैस और उल्टी की शिकायत हो सकती है।

तांबे के बर्तन में रखा पानी की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर आपको एसिडिटी की शिकायत रहती है तो इसका पानी न पिएं।

तांबे के बर्तन में खट्टी चीजें डालकर खाने से फूड पॉयजनिंग होने का डर रहता है।

किडनी या हार्ट के मरीज को तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

अगर आप तांबे की बोतलों में रोजाना पानी पीते हैं तो हफ्ते में 3 बारे उन्हें जरूर साफ करें। जिससे उसके पानी के फायदे आपको मिल सकें।

अगर तांबे के बर्तनों की सफाई ढंग से नहीं की गई तो इसका पानी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए तांबे के बर्तनों को बहुत सावधानी से और ठीक से साफ किया जाना चाहिए।

तांबे के बर्तन को प्राकृतिक रूप से साफ करने के लिए, एक नींबू को आधा काट लें और कटी हुई निम्बू की तरफ नमक डालें। इसे उस बर्तन पर धीरे से मलें। इससे तांबे के बर्तन साफ हो जाएंगे।

# कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी इस तरह दे सकते हैं मात

**कैंसर** एक खतरनाक बीमारी है, जिससे हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। कैंसर कोशिकाएं शरीर में कहीं भी बन सकती हैं। जहां कुछ कैंसर तेजी से बढ़ते हैं, तो वहीं कुछ बहुत धीरे-धीरे। कुछ खास तरह के कैंसर को रोकना हमारे बस के बाहर होता है, लेकिन ऐसे कई सारे कैंसर हैं जिनके खतरे को हम हेल्दी



लाइफस्टाइल फॉलो करके कम कर सकते हैं। जान लें इनके बारे में।

**बैलेंस डाइट लें**

बैलेंट डाइट आपको लंबे समय तक सेहतमंद बनाए रख सकता है। साथ ही इससे कैंसर का खतरा भी कम होता है। अपने भोजन में फल, सब्जियों, साबुत अनाज और प्रोटीन से भरपूर चीज़ों को शामिल करें। ये सारी चीजें कई जरूरी पोषक तत्वों, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर होती हैं, जो शरीर को कैंसर कोशिकाओं के खिलाफ सुरक्षित करने में मदद कर सकते हैं। प्रोसेस्ड फूड, शुगर ड्रिंक्स और रेड मीट का सीमित मात्रा में सेवन करें।

**नियमित फिजिकल एक्टिविटी**

रोजाना थोड़ी देर की फिजिकल एक्टिविटी से न सिर्फ वजन को मेनटेन रखा जा सकता है, बल्कि इससे कैंसर के खतरे को भी टाला जा सकता है। हफ्ते में कम से कम चार से पांच दिन जरूर कोई न कोई व्यायाम करें। फिजिकल एक्टिविटीज हार्मोन लेवल को नियंत्रित करने, इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देने और इन्फ्लेमेशन को कम करने में मदद करती है।

**धूप से बचाव**

स्किन कैंसर से बचने के लिए धूप से बचाव जरूरी है। ऐसे में धूप में निकलते वक्त जरूरी सावधानियां बरतें। धूप का चश्मा पहनें, गर्म मौसम में जितना हो सके धूप से बच कर रहें। सनस्क्रीन जरूर लगाएं। हैट्स और लम्बी आस्तीनों जैसे सुरक्षात्मक कपड़े पहनें। इससे स्किन कैंसर के होने की संभावना से कम किया जा सकता है।

**शराब अवॉयड करें**

बहुत ज्यादा शराब के सेवन से स्तन, लिवर और गले के कैंसर हो सकता है। इसके लिए शराब का कम से कम सेवन करें। हो सके तो छोड़ दें।

**धूम्रपान छोड़ें**

तंबाकू का उपयोग कैंसर का एक प्रमुख कारण है, जो कई प्रकार के कैंसर, जैसे कि फेफड़ों, गला, और मुंह के कैंसर के लिए जिम्मेदार है। अपने कैंसर जोखिम को कम करने के लिए, धूम्रपान छोड़ना एक सबसे प्रभावी तरीका है। धूम्रपान छोड़ने से सिर्फ कैंसर ही नहीं, बल्कि और भी कई बीमारियों का खतरा कम होता हैं।

# 70 वर्षों से बाधित रास्ते का हुआ निर्माण, ग्राम प्रधान की गांव में हो रही है जय-जयकार

प्रखर संतकबीरनगर। भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जन कल्याणकारी तथा महत्वाकांक्षी सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरकर ग्रामीण क्षेत्रों को एक नई दिशा देने कार्य किया जा रहा हैं। मौजूदा सरकार के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा, बिजली ,पानी सड़क इन सभी विकास कार्यों को ग्रामीणों तक पहुंचे और इसका लाभ समाज में अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को मिले यह सरकार की पहली प्राथमिकता है। देश के प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री से प्रेरित होकर जनपद संत कबीर नगर के बघौली ब्लाक अंतर्गत आने वाले भवानी गड़ा गांव के ग्राम प्रधान उमेश यादव ने वह कार्य कर दिए जो पिछले 70 सालों में किसी ग्राम प्रधान ने नहीं कर पाया। भवानी गड़ा गांव के ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव में समस्याओं का अंबार था। सरकारे आती थी और चली जाती थी। ग्राम प्रधान भी जीतते थे और फिर अपने विकास कार्यों




में लग जाते थे। भवानी गड़ा गांव के ग्रामीणों के बारे में किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा सुध नहीं निकल गया। जिसके चलते गांव में सभी विकास कार्य या तो अधूरे थे। ग्रामीणों को सिर्फ लालीपाप दिया जाता रहा हैं ।ग्रामीणों ने आगे अभी बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान उमेश यादव के द्वारा जिस प्रकार से विकास कार्यों को धरातल पर उतर कर विकास की एक नई रूपरेखा तैयार की गई है वह अपने आप में काबिले तारीफ है स्कूल का सुंदरीकरण हो ,पंचायत भवन का निर्माण हो ,आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो, या मनरेगा योजना के तहत कच्ची सड़कों का निर्माण सभी कार्यों को ग्राम प्रधान उमेश यादव के द्वारा अच्छी सोच के साथ कराया गया। भवानी गड़ा गांव के ग्राम प्रधान ने बताया की मेरे गांव की सम्मानित जनता ने जिस उम्मीद के साथ मुझे ग्राम प्रधान की कुर्सी पर बैठाया हैं उसे पूरा करने के लिए मैं वचन बद्ध हु और उनके विश्वास पर खरा उतरने का पुरजोर कोशिश कर रहा हु । ग्रामीणों ने आगे बताया की भवानी गढ़ा गांव में प्रधान पद की कुर्सी पर कई प्रधान बैठे, लेकिन जीस विकास के वादे के साथ बैठे उस वादे को पूरा नहीं कर पाए। लेकिन उमेश यादव के द्वारा चुनाव में किए गए वादे के अनुसार सभी कार्यों को पूर्ण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज भवानीगढ़ गांव के दर्जनों ग्रामीण रास्ते को लेकर के वंचित थे। उस रास्ते का निर्माण ग्राम प्रधान के द्वारा आज कराया जा रहा है जो की बहुत ही सराहनीय है और हम सब ग्रामीण ग्राम प्रधान के इस पुनीत कार्य के लिए प्रशंसा करते हैं। तथा ग्राम प्रधान को धन्यवाद देते हैं। कि इस रास्ते के निर्माण हो जाने से शादी विवाह तथा अन्य किसी भी सार्वजनिक कार्य को लेकर रास्ते की जो समस्या थी अब वह समस्या खत्म हो जाएगी। वही भवानी गढ़ा के ग्राम प्रधान उमेश यादव ने बताया कि जब से मैं प्रधान की कुर्सी पर विराजमान हुआ तब से मेरी यही सोच है कि भवानी गड़ा गांव में विकास कार्य करते हुए गांव को एक नई दिशा दे सकू। ग्राम प्रधान ने आगे अभी बताया कि जब भी मैं कोई नया विकास कार्य करने के लिए तैयार होता हु, गांव के ही कुछ हमारे विपक्षियों के द्वारा विकास कार्यों में रोड़ा डालने का कार्य किया जाता है मगर मैं इससे डरने और घबराने वाला नहीं हूं ।जिस काम के लिए मेरे गांव की जनता ने मुझे चुना है उस कार्य को करने के लिए मैं सदैव तत्पर व तैयार हूं। कोई भी बाधा आए मैं उस बाधा को पर करूंगा और भवानी गड़ा गांव ने विकास कार्य करा कर गांव को एक नई दिशा दूंगा। भवानीगढ़ गांव के ग्रामीण राज किशोर शुक्ला, अर्चना, शोभा, गुड्डी, वंदना ,नींबू देवी, राजमती ,भानुमति, रामकरण यादव ,सत्यदेव गुप्ता, भालचंद्र गुप्ता आदि दर्जनों ग्रामीणों ने प्रधान के द्वारा इस रास्ते के निर्माण कार्य को लेकर हर्ष के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समाधान दिवस का हुआ आयोजन, छह प्रार्थना पत्र पड़े, निस्तारण एक का भी नहीं

प्रखर शाहगंज जौनपुर। शनिवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय की अध्यछता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे कुल छह प्रार्थना पड़े।चार प्रार्थना पत्रों को राजस्व विभाग को निस्तारण हेतू सौंप दिया गया।एवं दो प्रार्थना पत्रों को कोतवाली ने जांच हेतू पुलिस को लगा दिया। उक्त मौके पर प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय,उप निरीक्षक मंशाराम गुप्ता,अनुज कुमार सिंह, सलीम खान, ओमकार पासवान, लेखपाल सदानंद भट्ट, श्याम सुंदर यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। पावर लिंक्स ट्रांसमिशन लि.गीडा के द्वारा डाक्टर फार यू संस्था के देखरेख में 24 फरवरी दिन शनिवार को पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत टंडवा कला में समय माता मंदिर पर प्रधान प्रतिनिधि मुनीश चंद्र यादव के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराया गया। जिसमें पावर लिंक्स ट्रांसमिशन लि0 गीडा के तरफ से श्री प्रदीप कुमार ग्रुप हेड, श्री अनिल कुमार इंजिनियर, श्री रमेश यादव व डाक्टरों के टीम का नेतृत्व डाक्टर प्रकृति के नेतृत्व में विभिन्न बीमारियों के डाक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच एवं दवा का वितरण किया गया




जिसमें कम से कम 1000 से अधिक महिला, पुरुष, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस मौके पर श्री फुंनीप्रसाद यादव, सेवानिवृत अध्यापक, श्री प्रेमसागर, श्री विमल कुमार यादव, श्रीमती शशिकला आंगनबाड़ी कार्यकत्री, श्री राम लखन यादव, श्री दीनानाथ यादव सदस्य क्षेत्र पंचायत, श्री राजकुमार यादव, श्री शिवराम शर्मा, श्री सुरेन्द्र गुप्ता, श्री जयराम यादव, श्री दयाराम यादव, श्री इंद्रजीत मंत्री, श्री नरसिंह, श्री केशव प्रसाद यादव, श्री पुजारी सदस्य, श्री बालमुकुंद यादव, श्री राम करन यादव, श्री फूलचंद आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# माघी पूर्णिमा पर गंगा की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

प्रखर वाराणसी। नमामि गंगे टीम ने शनिवार को माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर दशाश्वमेध, प्रयाग एवं राजेंद्र प्रसाद घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान गंगा घाट पर पहुंची नमामि गंगे की टीम द्वारा गंगा की तलहटी और किनारे पड़ी गंदगी को उठाकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। पॉलिथीन कचरा तथा गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा फेंकी गयी पूजा सामग्री के अवशेषों को निकाला गया। प्रयाग घाट पर मां गंगा की आरती उतारी गई। हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लाउडस्पीकर से लोगों को जागरूक किया गया। राजेश शुक्ला




ने बताया कि सफाई अभियान के दौरान उनका प्रयास होता है कि गंगा की सफाई के साथ-साथ वे लोगों तक इसका संदेश भी पहुंचायें। अभियान की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब लोग गंगा और उसकी सहायक नदियों में गंदगी फेंकने से परहेज करने लगें। भारतीय जनजीवन में नदियों का महत्व इसी से जाना जा सकता है कि धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि, शैक्षिक, औषधि, पर्यावरण और न जाने कितने क्षेत्र हैं जो हमारी नदियों से सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं। अवसर पर प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर सहसंयोजक बीना गुप्ता, रमेश चौहान व बड़ी संख्या में स्नानार्थी उपस्थित रहे।

# हाई लाइन लॉस फीडर पर बिजीलेंस ने मारी रेड, 32 विद्युत चोरी के मीटर किए गए बाहर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड द्युतीय आमघाट सुजीत सिंह के निर्देशन पर शहर क्षेत्र के मोहल्ला उदुर्बाजार, रूईमंडी, नवाबगंज में सहायक अभियंता सुधीर कुमार एवं विजिलेंस प्रभारी धनंजय यादव के नेतृत्व में अपने हमराहियों संग विद्युत चोरी करने वालो उपभोक्ताओं के घरों को चेक किया जिसमे मौके पर कुल 40 घरों को चेक किया गया जिसमे 32 लोगो का मीटर परिसर के अंदर लगा था जो बाईपास था जिनमे इन उपभोक्ताओं का मीटर घर के बाहर लगाया गया एवम चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य में विद्युत चोरी ना करने की सलाह दी गई। चेकिंग के दौरान मुहल्ले में अफरा तफरी की स्तिथि बनी रही बहुत लोग अपना अपना परिसर पर ताला बंद करके बाहर निकल गए कुछ



लोगो ने अपना दुकान भी बंद कर लिया था। वही सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि लोटन इमली उपकेंद्र के फीडर उर्दू बाजार पर लाइन लॉस अधिक है जो इस फीडर पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है वही इस फीडर पर अभी बहुत ऐसे उपभोक्ता है जिन्होंने एक किलोवाट का कनेक्शन लेकर चार से पांच किलोवाट तक विद्युत उपभोग कर रहे है जो चोरी के श्रेणी में आता है ऐसे जो भी उपभोक्ता है अपना अपना स्वेच्छा से आकर डिवीजन ऑफिस में विद्युत भार बढ़वा ले अन्यथा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर पेनाल्टी सहित लोड बढ़ाने का कार्य किया जायेगा वही अगर विद्युत चोरी करते हुवे जो भी उपभोक्ता भविष्य में पकड़े जाएंगे तो उनके उपर विद्युत चोरी के अंतर्गत संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर राजस्व विभाग द्वारा राजस्व क्षतिपूर्ति वसूली की जाएगी वही जिनका अभी तक विद्युत कनेक्शन नही है वे लोग तत्काल अपने नजदीकी उपखंड कार्यालय जाकर या झटपट पोर्टल पर आवेदन करके नया कनेक्शन करा ले ताकि लाइन लॉस पर पूर्ण रूप से रोक लग सके। यह अभियान लगातार चलता रहेगा जब तक हाई लाइन लॉस कम ना हो जाय। चेकिंग टीम में विद्युत विभाग के समस्त विद्युत कर्मी एवं बिजीलेंस टीम मौजूद रही।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करना ही सबसे बड़ा फल : विद्याधर जी महाराज

प्रखर संतकबीरनगर। शहर के बनियाबारी गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित विद्याधर भारद्वाज ने कहा कि संसार में शुक कथा से निर्मल कोई वस्तु नहीं है। इसके द्वादश स्कन्ध सम्पूर्ण वेद शास्त्र पुराणो के सार है। जो भक्त सम्यक विधि से नियम पूर्वक नित्य श्रवण करता है उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है। श्री मद्भागवत कथा का आश्रय लिया जाय तो सब कुछ प्राप्त हो सकता है। भागवत सुनकर किसी फल की कामना नहीं करनी चाहिए अभी तो श्रीमद् भागवत श्रवण करना ही सबसे बड़ा फल है। परीक्षित जन्म भीष्म पितामह की भावपूर्ण स्तुति को श्रोताओं ने बड़े प्रेम से श्रवण किया। भीष्म पितामह बाणो की सैया पर पड़े पड़े भगवान से एक ही वरदान मांगते हैं हे श्याम सुंदर जब तक मेरा प्राण उत्सर्जित ना हो जाए तब तक आप मेरे आंखों के सामने प्रसन्न मुद्रा में खड़े रहे। मैं आपका दर्शन करते-करते इस संसार सागर से विदा लेना चाहता हूं मेरी बुद्धि रूपी बेटी को जो की तृष्णा आदि विकारों से रहित है आप श्री कृष्ण के साथ विवाह करना चाहता हूं। महाभारत के युद्ध में मेरी प्रतिज्ञा को सत्य करने के लिए आपने-अपनी प्रतिज्ञा तोड़ दी आपकी भक्त वत्सलता को बार-बार प्रणाम है। आगे के प्रसंग में एक दिन राजा परीक्षित से भूल हुई ऋषि शमीक का अपमान कर दिया इससे ऋषि पुत्र श्रृंगी ने तक्षक नाग काटने से तुम्हारी मृत्यु होगी ऐसा श्राप दे दिया। राजा परीक्षित सब कुछ छोड़कर गंगा के तट पर आ गए और उनकी दिव्य प्रार्थना से प्रसन्न होकर के भगवान श्री हरि ही शुक देव जी के रूप में पधार कर दिव्य अमृत अर्थात श्रीमद् भागवत का श्रवण लाभ कराया। श्रीमद् भागवत पुराणों में तिलक है। वैष्णव का परम धन है। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती कमला पांडे मुख्य आयोजक रतेंद्र पांडे लकी सहित सैकड़ो श्रोताओं ने कथा रसपान किया। इस अवसर पर धीरू पांडे, बिन्नू पांडे, अभय पांडे, हिमांशु पांडे, लक्ष्य पांडे, शिवा पांडे, प्रियांशु पांडे, बब्बन पांडे सभासद, लल्लन पांडे, मन्नू पांडे,केदार नाथ दूबे,नीतू पांडे, कल्लन पांडे, अवनीश पांडे, आशुतोष पांडे, देवांश पांडे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हवन पूजन के साथ हुआ केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का आज नगर के शास्त्री नगर स्थित हरिहर पैलेस मे जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में निश्चित समय, शुभ मुहूर्त में विद्वान ब्राह्मणों के विधिवत मंत्रोच्चार, हवन, पूजन, अर्चना के साथ नारियल फोड़कर फीता काटकर क्लस्टर इंचार्ज तथा उत्तर प्रदेश के मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मा मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव के लिए अलग से कोई तैयारी नहीं करते बल्कि वह हर समय चुनाव के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण के माध्यम मे गांव चलो अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा, लाभार्थी सम्पर्क आदि के माध्यम से पार्टी ने चुनाव का शंखनाद कर दिया है,और भारतीय जनता पार्टी गाजीपुर सहित उत्तर प्रदेश के सभी 80



लोकसभा सीटों पर भारी मतों से चुनाव जीत कर परचम लहराने जा रही है। विपक्षी गठबंधन चुनाव से पहले चकनाचूर हो रहा है ममता,जयंत बाहर हो चुके हैं। राज्य सभा सांसद चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का असंतोष जग जाहिर हो चुका है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि आपके पुरुषार्थ और सेवा में इतनी ताकत है कि विपक्ष लगातार भाजपा को रोकने के प्रयास में है लेकिन भाजपा को रोक सके किसी भी विपक्षी राजनैतिक दल में ताकत नहीं है। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सभा में जिले को नेतृत्व प्रदान किया है अब भाजपा कार्यकताओं की नैतिक जिम्मेदारी और दायित्व है कि भारी मतों से लोकसभा चुनाव जीत कर कमल का परचम लहराये। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा कि विपक्षी दलों के पास जनता में जाकर रोने के आलावा कुछ कहने के लिए कुछ भी नहीं है। जिलापंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता संघर्षशील और जुझारू होते हैं जो किसी अन्य दलों मे नही है। कार्यक्रम मे आए हुए लोगों के प्रति आभार धन्यवाद न पा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने तथा संचालन लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डा संगीता बलवंत, लोकसभा प्रभारी आर पी कुशवाहा, भानु प्रताप सिंह, ब्रिजेन्द्र राय, शोभनाथ यादव, अभिनव सिन्हा, सरिता अग्रवाल, अवधेश राजभर ने भी सम्बोधित किया। तथा इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश, नरेंद्र सिंह, रामराज बनवासी, अमरेश गुप्ता, रामनरेश कुशवाहा, ओम प्रकाश राय, दयाशंकर पांडेय, प्रवीण सिंह, मयंक जायसवाल, ओमप्रकाश राम, मनोज सिंह, विनोद अग्रवाल, अखिलेश सिंह, अखिलेश राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, जितेंद्र नाथ पांडेय,सरोज मिश्रा, गुलाम कादिर राइनी, डॉ प्रदीप पाठक, योगेश सिंह, सुरेश बिन्द, अभिनव सिंह छोटू, नितिश दूबे, अच्छेलाल गुप्ता, सुनिल गुप्ता, रासबिहारी राय, शनि चौरसिया, गर्वजीत सिंह, सतीश राय, नरेन्द्र पाठक सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनएसएस संस्कार की पाठशाला है : थानाध्यक्ष




प्रखर पराऊगंज जौनपुर। एनएसएस संस्कार की पाठशाला है लालटेन से सौर ऊर्जा तक की यात्रा मे यह कुटीर की बेटिया हर क्षेत्र में परचम लहराने को तैयार है यह बातें कुटीर पीजी कालेज चक्के के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिवस प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर खुर्द के प्रांगण में कही। नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए 1930 हेल्पलाइन नंबर साइबर क्राइम वूमेन हेल्पलाइन एवं अन्य पुलिस विभाग से जुड़ी बातों को साझा किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय यादव कृष्ण कुमार मिश्र ने थाना प्रभारी एवं सुरेंद्र भाई पटेल चौकी प्रभारी पराऊगंज को माल्यार्पण कर स्वागत किया वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एनपी मिश्र ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन विभाग एवं उपेंद्र दुबे अखिलेश मिश्र सुरेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक शिक्षक के परिवारजनों से मिलने पहुंचा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



वाराणसी। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के शिक्षक स्वर्गीय अभय राज सरोज के घर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय के नेतृत्व में उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना एवम् हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ब्लॉक संयोजक काशी विद्यापीठ डॉ संजय गुप्ता के आह्वान पर पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल ने परिवार के सदस्यों से भेंट की और मृतक आश्रित की नौकरी हो, ग्रेच्युटी हो, पारिवारिक पेंशन हो या अन्य कोई समस्या, प्रतिनिधिमंडल ने परिवार की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। अभय राज सरोज के बड़े भाई प्रह्लाद सरोज और उनके बेटे से वार्ता के क्रम में जिलाध्यक्ष शशांक ने कुटुंब रजिस्टर को ठीक करना और विभिन्न सरकारी बारिकियों के बारे मे विस्तार से चर्चा किया। प्रतिनिधि मंडल में रमा रूखैयार (जिला अध्यक्ष महिला विंग) अमिताभ राय (कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष आराजी लाइन), प्रभात भृगुवंशी, डॉ चंद्र प्रताप नारायण सिंह, पूनम सिंह, विनोद पटेल, संतोष इत्यादि शिक्षक साथी मौजूद रहे।

### कटसहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अव्यवस्था की भरमार




प्रखर गोरखपुर। हरपुर बुदहट अंतर्गत कटसहरा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भारी लापरवाही एवम अव्यवस्था देखी जा रही है , यहां तक कि समय से लगभग 2 घंटे लेट आते हैं चिकित्सक जिसको ले कर मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है ,एक मरीज ने बताया कि लेट तो आते ही हैं और दवा भी बाहर किसी मेडिकल स्टोर से दवा लेने को कहते हैं, केंद्र पर मौजूद मरीजों ने बताया कि विगत कई महीनों से यहां डॉक्टर के समय से ना आने ,और सुचारू इलाज एवम दवाएं न मिलने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है , जिम्मेदार हैं मौन।

### पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चढ़ा नोनहरा पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 06/24 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व 5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राकेश कश्यप पुत्र फूलबदन कश्यप निवासी आरीपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को मुखबिर खास की सूचना पर उप निरीक्षक सुदामा प्रसाद व कांस्टेबल गिरजेश गौतम द्वारा महेशपुर चट्टी से समय 09.05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुदामा प्रसाद थाना नोनहरा, कांस्टेबल गिरजेश गौतम थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### महालक्ष्मी मंदिर में भजन सुनने व भंडारे के प्रसाद के लिए उमड़े भक्त



प्रखर वाराणसी। सारंगतालाब पंचकोशी मार्ग स्थित महालक्ष्मी मंदिर के 25वें स्थापना वर्ष पर भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया` लोटस के आकार में वाराणसी का एकमात्र मंदिर की स्थापना 1999 में आनंद कुमार अग्रवाल रानी अग्रवाल नें की थी, शुक्रवार को रजत वर्ष के दिन पूरे मंदिर प्रांगण को भव्य संगन्धित फूलों से सजाया गया था ` मंदिर में माता महालक्ष्मी का भव्य श्रृंगार किया गया सुबह से ही भक्तगणों नें माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिए श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष कुमार अग्रवाल नें महालक्ष्मी जी की आरती कर विधिवत पूजन अर्चना कर सभी के लिए सुख समृद्धि का माँगा आशीर्वाद ` भजन गायिका दिव्या दुबे नें माता के गीतों पर आधारित गीतों पर एक से बढ़कर एक भजन सुनाये संगीतमय भजनों बीच बीच में भक्तों द्वारा माता के जयकारे लगते रहे, अग्रवाल महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रद्युम्न अग्रवाल महामंत्री आमोद अग्रवाल सलिल अग्रवाल नें भक्तों को पूड़ी सब्जी एवं मिष्ठान का वितरण किया` आयोजक मंडल के आनंद कुमार अग्रवाल,अतुल गोयल ,अरविन्द सिकारिया ,कृष्ण मोहन अग्रवाल ,विनय अग्रवाल आदि नें सहयोग किया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं